दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



काई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता .....



दिल्ली क्राइम सीजन 3 में .....

वर्ष : 11 | अंक : 325 | लखनऊ, 16 नवम्बर, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

## पीएम मोदी ने गुजरात को 9,700 करोड़ रुपए की सौगात दी

# कांग्रेस सरकारों ने भगवान बिरसा की अनदेखी की, आदिवासियों के 'योगदान' को भुलाया

## आदिवासियों ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में 'अमिट' योगदान दिया



पूजार्चन करते हुए प्रधानमंत्री

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात पहुंचे। पीएम मोदी प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बने एक लाख घरों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भी शामिल हुए। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि डेडियापाड़ा और सागबारा का एक क्षेत्र कबीर की शिक्षाओं से प्रेरित है।

मैं संत कबीर की भूमि बाराणसी से सांसद हूं। इसलिए, स्वाभाविक है कि संत कबीर का मेरे जीवन में एक विशेष स्थान है। मैं उन्हें इस मंच से नमन करता हूं। हमने यहां एक लाख परिवारों को पक्के घर दिए गए। एकलव्य मॉडल स्कूलों का शिलान्यास किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासियों ने हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम में बहुत बड़ा योगदान दिया, लेकिन कांग्रेस ने 60 साल के शासन में आदिवासियों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया।

**रैली** निकालकर लोगों को किया संबोधित, गृह प्रवेश में हुए शामिल

जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान सम्मान

### बुलेट ट्रेन स्टेशन का पीएम मोदी ने किया निरीक्षण



रैली के दौरान फूलों की बारिश की गई

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासी समाज के कल्याण को हमेशा प्राथमिकता दी है और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। दिन में पहले पीएम मोदी ने सूरत में बन रहे बुलेट ट्रेन स्टेशन का निरीक्षण किया। यह स्टेशन मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का हिस्सा है, जो देश की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में पहुंचे

पीएम मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में भी शिरकत की। इस दौरान प्रधानमंत्री नर्मदा जिले में 9700 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं में आदिवासी कल्याण, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और विरासत पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इनमें प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जगुआ) के तहत बने एक लाख घरों का गृह प्रवेश शामिल है। लगभग 1900 करोड़ की लागत वाले 42 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों, डिब्रूगढ़ में असम मेडिकल कॉलेज में एक सक्षमता केंद्र और आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए इंफाल में एक जनजातीय अनुसंधान संस्थान भवन का भी उद्घाटन किया।

### 10 वर्षों में कई धामों का विकास किया

उन्होंने कहा कि पहले बिरसा मुंडा को याद नहीं किया जाता था। हमने तय कि हमारी अगली पीढ़ी को पता चले कि बिरसा मुंडा ने हमारे लिए क्या किया है? इसलिए हमने देश में कई जनजातीय संग्रहालय बनाए जा रहे हैं। मैंने छत्तीसगढ़ शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का शिलान्यास किया। बहुत कम लोग जानते होंगे कि 2003 में जब मैं मुख्यमंत्री के तौर पर डेडियापाड़ा आया था, तो मां के चरणों में प्रार्थना करने गया था।

### आदिवासी कल्याण भाजपा की प्राथमिकता

प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी कल्याण भाजपा की प्राथमिकता है। हमने ये परेशानी खत्म करने का फैसला लिया है। 1947 में देश आजाद हुआ, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार नहीं किया गया। आदिवासी समाज का नाम भगवान राम से भी जुड़ा है। लेकिन कांग्रेस ने इनके विकास के लिए कुछ नहीं किया। पहली बार जब अटल जी प्रधानमंत्री बने, तब आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय बनाया।

### स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों का योगदान अमिट

पीएम मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'जनजातीय गौरव दिवस' कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव हजारों वर्षों से हमारे भारत की चेतना का अभिन्न हिस्सा रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन में ट्राइबल समाज के योगदान को हम भुला नहीं सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा की ये पावन धरती आज एक और ऐतिहासिक आयोजन की साक्षी बन रही है। हमारी एकता और विविधता को सेलिब्रेट करने के लिए भारत पर्व शुरू हुआ है। आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के इस भव्य आयोजन के साथ हम भारत पर्व की पूर्णता के साक्षी बन रहे हैं।

### एनडीए ने कई राज्यों को दिए आदिवासी मुख्यमंत्री

उन्होंने कहा कि एनडीए ने हमेशा आदिवासी समाज के लोगों ने शीर्ष पदों पर बिठाया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री राज्य का कायाकल्प कर रहे हैं। हमारे जनजातीय समाज के ओड़िशा के मुख्यमंत्री राज्य का विकास कर रहे हैं। हमने कई राज्यों में आदिवासी मुख्यमंत्री दिए। भाजपा ने कई राज्यों में आदिवासियों को जगह दी।

## लाडो लक्ष्मी योजना में बदलाव

# अब महिलाओं को हर माह नहीं इकट्ठे पैसे देगी नायब सरकार



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

हरियाणा में पात्र महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने की भाजपा सरकार की सरकार और फ्लैगशिप स्कीम लाडो लक्ष्मी योजना में अब बदलाव होगा। अब हर महीने की बजाय महिलाओं को सरकार इकट्ठे पैसे देगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हिसार में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर माह दी जाने वाली 2,100 रुपए की लाडो लक्ष्मी योजना में बदलाव होगा। सरकार इस रकम को हर महीने देने की बजाए साल में दो किस्तों में देने पर विचार कर रही है ताकि एक बड़ी रकम एक साथ मिल सके। इस रकम को महिलाएं अपने किसी कार्य के लिए एक साथ उपयोग कर सकेंगी। चाहें तो किसी रोजगार या छोटे व्यवसाय की शुरुआत भी कर पाएंगी। सैनी ने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना को विस्तार देने पर भी मंथन चल रहा है। अभी एक लाख तक की आय वाले परिवारों की महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है।

### 1 नवंबर को योजना हुई थी लागू


हरियाणा सरकार ने इस योजना के लिए 5,000 करोड़ का प्रावधान किया है। हरियाणा में एक लाख रुपए सालाना आय वाली 23 से 60 साल तक की 19 लाख 62 हजार महिलाएं हैं। इस योजना को प्रदेश में तीन विभाग संचालित कर रहे हैं। समाज कल्याण विभाग, पंचायत विभाग और क्रीड संयुक्त रूप से इस योजना को सुचारू करने में लगे हुए हैं। राज्य के स्थापना दिवस यानी 1 नवंबर को योजना की पहली किस्त जारी की गई थी। पात्र महिलाओं के खातों में 2100 रुपए प्रति माह की पहली किस्त सीधे ट्रांसफर की थी।

### सिर्फ एप के माध्यम से आवेदन करें

योजना का लाभ लेने के लिए महिला की उम्र 23 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए। वह कम से कम 15 वर्ष से हरियाणा की निवासी होनी चाहिए। परिवार की आय एक लाख रुपए वार्षिक होनी चाहिए। वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा, निराश्रित महिला के लिए वित्तीय सहायता, दिव्यांग या अन्य पेंशन पाने वाली महिलाएं इस योजना की पात्र नहीं होंगी। आवेदन फॉर्म मोबाइल एप के जरिए ही भरा जाएगा। इसके लिए सबसे मोबाइल में लाडो लक्ष्मी योजना का मोबाइल एप डाउनलोड करना होगा।


## खबर संक्षेप

### झारखंड के स्थापना पर शाह ने शुभकामनाएं दीं



नई दिल्ली। हर साल 15 नवंबर को झारखंड का स्थापना दिवस मनाया जाता है। 2000 में बिहार से अलग होकर झारखंड अलग राज्य बना। यह प्रदेश शनिवार को अपना 25वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने शुभकामनाएं दी हैं। मंत्री शाह ने जनजातीय विरासत की पावन भूमि बताया है।

### सोनभद्र में ब्लास्टिंग से दरका पहाड़, 1 की मौत



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में एक बड़ा हादसा हो गया। हादसा मुख्यमंत्री योगी के सभा स्थल से केवल पांच किलोमीटर की दूरी पर बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में हु, जहां कृष्णा माइनिंग वर्क्स के बिल्ली मारकुंडी खदान में अचानक पहाड़ दरक गया और मलबे में कई मजदूर दब गए। एक मजदूर की मौत की पुष्टि हुई है, वहीं करीब 15 मजदूर दबे हुए हैं।

### जोधपुर में दोस्तों की कार पलटी, 3 की मौत



जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर में भीषण सड़क हादसा सामने आया है। शुक्रवार देर रात को 11 लोगों से भरा एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 8 लोग घायल हैं। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 25 पर खारिया मीठापुर गांव के पास हुआ। गाड़ी में 11 लोग सवार थे। ड्राइवर ने अचानक कार से संतुलन खो दिया था। कार बेकाबू होकर पलट गई।

### भाजपा को स्वीकार नहीं करेगा बंगाल: सागरिका



कोलकाता। टीएमसी की सांसद सागरिका घोष ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल कभी भी भाजपा को स्वीकार नहीं करेगा। उनकी यह टिप्पणी तब सामने आई है, जब प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य के अगले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी। घोष ने यह भी कहा कि बंगाल में ममता बेनर्जी जैसी नेता हैं, जो हमेशा लोगों के बीच रहती हैं।

## गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर किया जा रहा आयोजन

# 500 किमी लंबी साइकिल यात्रा, दिल्ली के चांदनी चौक में शीशगंज गुरुद्वारे से शुरू होकर यह अमृतसर पहुंचेगी

## दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत ने कहा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस पर दिल्ली से अमृतसर तक 500 किलोमीटर की साइकिल यात्रा निकाली गई। यह यात्रा दिल्ली के चांदनी चौक में शीशगंज गुरुद्वारे से शुरू हुई और अमृतसर पहुंचेगी, जहां गुरु तेग बहादुर सिंह जी का जन्म स्थल है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह ने बताया कि यात्रा में 250 लोगों ने शुरुआत की है, लेकिन अमृतसर पहुंचने हजारों लोग इसका हिस्सा बनेंगे।

### यात्रा में कश्मीरी पंडित भी शामिल हुए

साइकिल यात्रा में कश्मीरी पंडित भी शामिल हुए, जिन्होंने इस यात्रा पर फूल भी बरसाए। बच्चों से लेकर बुजुर्ग और विकलांग लोग भी इस यात्रा का हिस्सा बने। गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में गुरू साहिब जी के शहीदी स्थल गुरुद्वारा सीसगंज साहिब, दिल्ली से साइकिल यात्रा शुरू होकर उनके जन्म स्थान गुरुद्वारा गुरू का महल, अमृतसर तक जा रही है। यात्रा का आयोजन साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत के द्वारा किया जा रहा है।



साइकिल यात्रा का एक दृश्य

### पानीपत-अंबाला से होकर जाएगी यात्रा

इस यात्रा में सैकड़ों सिख नौजवान, श्रद्धालु और समाजसेवी भाग ले रहे हैं। यात्रा का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, बलिदान और धर्म की रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। ये यात्रा दिल्ली के चांदनी चौक से लेकर अमृतसर जो कि शहीदी स्थान तक जाएगी। यह यात्रा दिल्ली से पानीपत,अंबाला, लुधियाना, जालंधर होते हुए अमृतसर जाएगी।

## देश ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और अन्य लोगों के साथ शनिवार को नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 'जनजातीय गौरव दिवस' समारोह के दौरान नमन करते हुए।

## राजस्थान के गांव में नशे की गुप्त लैब

# 100 किलो मेफेड्रोन तैयार करने वाला केमिकल जब्त

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

केंद्र सरकार के नशीले पदार्थों के प्रति जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और राजस्थान पुलिस ने राजस्थान के सिरोही जिले के एक सुदूर गांव में एक गुप्त लैब का भंडाफोड़ किया है। सैकड़ों किलोग्राम केमिकल जब्त किए गए हैं, जो लगभग 100 किलोग्राम मेफेड्रोन बनाने के लिए पर्याप्त थे। इनकी अनुमानित बाजार कीमत 40 करोड़ है। लैब के मास्टरमाइंड और 4 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में मेफेड्रोन का इस्तेमाल साइकोट्रोपिक ड्रग्स के तौर पर बढ़ रहा है। ब्यूरो ने जिला पुलिस को संवेदनशील बनाने के लिए मासिक जिला स्तरीय एनसीओआरडी तंत्र का इस्तेमाल करते हुए कई बैठकें की और कार्रवाई की।



केमिकल बनाने के जब्त उपकरण

## बिहार में हार के बाद कांग्रेस में बढ़ी रार और तकरार

# प्रधानमंत्री की भविष्यवाणी कांग्रेस चौथी बार टूटेगी! सही होगी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

बिहार चुनाव में महागठबंधन की करारी हार हुई है। कांग्रेस की स्थिति बेहद बुरी है। 61 सीटों पर लड़ी कांग्रेस बामुश्किल 6 सीट ही ला पाई। इससे कांग्रेस में सिरफुटौव्वल शुरू हो गई है। कुछ नेता हार के बाद बचाव करते दिख रहे तो कुछ अपनी ही पार्टी के दूसरे नेता पर हार का ठीकरा फोड़ रहे हैं। नतीजे के बाद प्रधानमंत्री ने बिहार को धन्यवाद करने के लिए संबोधन किया तो इस दौरान कांग्रेस में संभावित एक और बड़े विभाजन की आशंका जता दी। पीएम मोदी ने कांग्रेस को 'मुस्लिमलीगी माओवादी कांग्रेस' करार देते हुए दावा किया कि आने वाले समय में कांग्रेस का एक और बड़ा विभाजन होगा और यह स्थिति दिखाई भी देने लगी है।

### एक-दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ रहे कांग्रेस के नेतागण

## बिहार हार के बाद सिरफुटौव्वल, बाहरी को दिया 'ठेका'



खरगे और राहुल गांधी बात करते हुए। -फाइल फोटो

करारी हार के बाद कांग्रेस के भीतर जो सिरफुटौव्वल शुरू हुआ, वे अब खुलेआम दिख रहा है। पार्टी के भीतर ही नेताओं ने टिकट बंटवारे से लेकर चुनावी रणनीति तक पर सवाल खड़े किए हैं। बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने सीधे तौर पर बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और आरजेडी के संजय यादव को हार के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर फ्रेंडली फाइट की नौबत क्यों आई?' और आरोप लगाया कि वरिष्ठ नेताओं को किनारे लगाकर बाहर के लोगों को बिहार कांग्रेस ठेके पर दे दिया गया।

### पार्टी में गंभीर संकट की चेतावनी आई सामने

बिहार चुनाव के बाद उभरे असंतोष की लहर सिर्फ एक राज्य तक सीमित नहीं है। कांग्रेस नेता कृपानंद पाठक ने सीधे तौर पर कहा कि 'बिहार में जिम्मेदार लोगों ने सही जानकारी नहीं दी' और चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं सुधारा गया तो यह 'गंभीर संकट की वजह' बनेगा।

### थरूर ने की आत्म निरीक्षण की मांग

कांग्रेस के भीतर मौजूद असंतुष्ट नेताओं में शशि थरूर की आवाज भी शामिल है, जिन्होंने बिहार चुनाव में पार्टी की हार पर गंभीर आत्मनिरीक्षण की मांग की। थरूर ने कहा कि हमें अध्ययन करना है कि क्या रणनीतिक, संदेशात्मक या संगठनात्मक गलतियां थीं। इसके पहले थरूर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं और पार्टी के भीतर एक अलग विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## संक्षेप

### लखनऊ कानपुर निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हाइडिल चौराहे पर निमार्णाधीन लखनऊझकानपुर एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को एलईडी स्क्रीन लगाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। स्क्रीन लगाने में लगी हाइड्रा क्रेन अचानक पलट गई, जिससे विशाल एलईडी स्क्रीन पूरी तरह धराशायी हो गई और मलबा एक्सप्रेस-वे से नीचे गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय नीचे सड़क पर कोई वाहन या व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा घटना एक बड़ी त्रासदी का रूप ले सकती थी। निर्माण एजेंसी द्वारा सुरक्षा मानकों में लापरवाही के आरोप भी सामने आ रहे हैं। घटना की जांच की जा रही है।


### हरौनी क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण में हो रही देरी, जनता परेशान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ के हरौनी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य में हो रही देरी ने स्थानीय लोगों की परेशानियाँ बढ़ा दी हैं। निर्माण कार्य के चलते रेलवे क्रॉसिंग पर यातायात पूरी तरह बंद कर दिया गया है, जिसके कारण रोजाना आने-जाने वालों को करीब 6 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुँचना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य की रफ्तार बेहद धीमी है, जबकि यह मार्ग आसपास के ग्रामीण इलाकों को लखनऊ शहर से जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है। सड़क बंद होने का सबसे अधिक असर स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों, कर्मचारियों और किसानों पर पड़ रहा है। करीब 2 वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन इसके बावजूद ओवरब्रिज का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरब्रिज निर्माण कार्य को तेज गति से पूरा कराया जाए या फिर तब तक वैकल्पिक मार्ग को सुचारू रूप से खोलने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव मनोज सिंह बने स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के सीईओ

अमन लेखनी समाचार



लखनऊः प्रदेश के मुख्य सचिव रहे सेवानिवृत आईएएस अफसर मनोज कुमार सिंह को स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नामित किया गया है। कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष तक इनका कार्यकाल होगा।

मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव रहते हुए योगी आदित्यनाथ सरकार ने इनका कार्यकाल बढ़ाने का प्रयास भी किया था, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। वित्त, कृषि, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, चिकित्सा स्वास्थ्य, औद्योगिक विकास, जल शक्ति, नगर विकास तथा नियोजन विभाग के मंत्री/राज्य मंत्री इसके पदेन सदस्य हैं। मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, औद्योगिक एवं अवस्थापना आयुक्त, समाज कल्याण विभाग के आयुक्त/अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव के साथ ही वित्त, कृषि. नगर विकास, ग्राम्य विकास, चिकित्सा स्वास्थ्य, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, सिंचाई एवं जल संसाधन तथा नियोजन विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव इसके शासकीय पदेन सदस्य हैं। इसके अलावा गैर सरकारी सदस्यों में सामाजिक क्षेत्र के विषय विशेषज्ञ, कृषि एवं संवर्गीय सेवाओं से संबंधित विषय विशेषज्ञ, वित्त क्षेत्र के विषय विशेषज्ञ तथा औद्योगिक विकास/निवेश/प्रौद्योगिकी/ऊर्जा क्षेत्र के विषय विशेषज्ञ को गैर सरकारी सदस्य बनाया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इस कमीशन का गठन अक्टूबर 2022 में किया गया था। मनोज कुमार सिंह इस कमीशन के पहले सीईओ होंगे। इससे पहले कमीशन में किसी को इस पद पर नामित नहीं किया गया था।

### स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के मुख्य कार्य

कमीशन के मुख्य कार्यों में राज्य के विभिन्न प्रकार के संसाधनो (भौतिक, वित्तीय एवं जनशक्ति) का अनुमान लगाना और राज्य के विकास में इनके सर्वोत्तम उपयोग की नीति तैयार करते हुए सुझाव देना। राष्ट्रीय एजेंडा के उददेश्यों, प्राथमिकताओं के साथ ही राज्य की आवश्यकताओं, संसाधनों व क्षमता को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रवार और कार्यक्रमवार अल्पकालीन तथा दीर्घकालीन उपायों की संरचना के साथ ही क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए नीतियों एवं कार्यक्रमों पर सुझाव देना। जनमानस के जीवन स्तर में सुधार के लिए तंत्र विकसित करने तथा राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में अवरोध उत्पन्न करने वाले कारकों को चिन्हित करने तथा विकास एजेंडा पर सफल कार्यान्वयन का समाधान ढूंढना। आर्थिक सुधारों के वातावरण एवं परिप्रेक्ष्य में यथासम्भव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) माडल के माध्यम से उपलब्ध वित्तीय स्त्रोतों/संसाधनों को अनुकूल उपयोग के लिए सुझाव देना तथा विकास कार्यों के प्रतिफल का नियमित रूप से मूल्यांकन करते हुए सुझाव देना तथा अन्य कार्य शामिल हैं।

# पीएम मोदी के ध्वजारोहण से पहले अयोध्या में उत्साह

## स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिला बूस्ट

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अयोध्या सिर्फ परंपरा का प्रहरी मात्र नहीं बल्कि भविष्य के विकास का ध्वजवाहक भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डेडीकेशन और विजन का परिणाम है कि राम मंदिर निर्माण के बाद यह शहर केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्जागरण का केंद्र बन चुका है। परिवर्तन की इस यात्रा में अयोध्या ध्वजारोहण समारोह एक ऐसा उत्सव बनकर उभर रहा है जो विकास की पूरी दास्तान को अपने भीतर समेटे हुए है। यह समारोह सिर्फ आस्था का पर्व नहीं, बल्कि एक ऐसा आयोजन है जिसने युवाओं, उद्योगों, कारीगरों और आम नागरिकों के लिए नये अवसरों का दरवाजा खोल दिया है।

### ध्वजारोहण उत्सव से अयोध्या की अर्थव्यवस्था में वृद्धि

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या अब सिर्फ एक तीर्थ नहीं बल्कि विकास की प्रयोगशाला बन चुका है। अयोध्या के ऐतिहासिक विकास ने युवाओं की ज़िंदगी में नई रोशनी, स्थानीय उद्योगों में नई सांसें और परंपरागत कला में एक नई दिशा दी है। अयोध्या में 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री राम मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान देश और विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक आएंगे। इससे होटल, रेस्टोरेंट, टूर और ट्रेवेल्स, स्थानीय उत्पादों, डऊडढ के तहत गुड़ कारोबार जैसे अनेकों व्यवसाय में वृद्धि देखने को मिलेगी। अनुमान है कि अयोध्या में इस दौरान करोड़ों का कारोबार होगा।

अयोध्या के ध्वजारोहण समारोह से पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियां नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। जब लाखों श्रद्धालु शहर की तरफ उमड़ते हैं, तो शहर की अर्थव्यवस्था भी उतनी ही तेजी से चलती है। होटल, रेस्टोरेंट, ट्रैवल एजेंसियां, सुरक्षा सेवाएं, इवेंट मैनेजमेंट कंपनियाँ और स्थानीय दुकानों के लिए लाभ के दरवाजे खुल जाते हैं। उत्तर प्रदेश में धार्मिक केंद्रों के रूप में अयोध्या-वाराणसी-प्रयागराज के पर्यटन में बड़ी उछाल आई है। इस क्षेत्र में 2017 से अब तक पर्यटकों की संख्या में 361% से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश का पर्यटन सेक्टर अगले कुछ वर्षों में 70,000 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। विकास परियोजनाएं अयोध्या को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रही हैं। राम वन गमन पथ का निर्माण 4,403 करोड़ रुपये से हो रहा है। ग्रीनफील्ड टाउनशिप प्रोजेक्ट 2,182 करोड़ से बन रहा है। शहर की जनसंख्या और भूमि उपयोग की योजना भी स्पष्ट है। अयोध्या शहर की वर्तमान आबादी लगभग 11 लाख है, जो 2031 तक लगभग 24 लाख और 2047 तक लगभग 35 लाख तक पहुंचने का अनुमान है।

# लखनऊ-कनपुर एक्सप्रेस वे पर पलटी हाइड्रा, नीचे गिरा नाइस बैरियर; यातायात बाधित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक बार फिर लखनऊ कानपुर एक्सप्रेस वे की कार्यदायी संस्था की लापरवाही सामने आई है। इस बार एलीवेटेड रोड पर हाईड्रा मशीन एलइडी मशीन लगाते वक्त नाइस बैरियर को तोड़ते हुए नीचे लटक गई और पीछे का हिस्सा पलट गया। यही नहीं एलीवेटेड रोड पर लगा नाइस बैरियर का हिस्सा भी टूटकर नीचे गिर गया। शनिवार सुबह साढ़े नौ बजे के आसपास घटना उस वक्त हुई जब ट्रैफिक ज्यादा होता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) की कार्यदायी संस्था पीएनसी द्वारा कार्य के दौरान ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए कोई सुरक्षा गार्ड भी नहीं लगाए थे। हालांकि नाइस बैरियर जो प्लास्टिक की सीट थी, जब ऊपर से नीचे गिरी तो कोई चोटिल नहीं हुआ। हाईडिल पुलिस चौकी के पास घटना होते ही आसपास के राहगीर घबरा गए और हाइड्रा के आगे का हिस्सा एलीवेटेड रोड से नीचे लटक गया।। इसके कारण कुछ देर के लिए लखनऊ से कानपुर के बीच ट्रैफिक भी प्रभावित रहा। पीएनसी के प्रशासनिक अधिकारी अंकुर जैन ने बताया कि ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा गार्ड लगाए थे। उन्होंने माना कि हाइड्रा चालक का हाइड्रा पर से नियंत्रण अनियंत्रित हो गया था। घटना के वक्त एलइडी स्क्रीन व लोहे के एंगल लगाने का काम चल रहा था। उधर एलीवेटेड रोड पर हाइड्रा पलट जाने से चालक के भी चोटिल होने की बात कही गई। हालांकि पीएनसी के अधिकारियों ने बताया कि कोई चोटिल नहीं हुआ है लेकिन हाइड्रा जरूर कुछ क्षतिग्रस्त हुई है। बता दें कि इससे पहले भी एक्सप्रेस वे के निर्माण के दौरान कई बार लोहे के टुकड़े चलते हुए वाहनों पर एलीवेटेड रूट से नीचे गिर गए हैं। यही नहीं सड़क के किनारे बने नालों में कार तक गिर चुकी है। इसके बाद भी कार्यदायी संस्था संरक्षा व सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है।

# भूमि विवाद में फर्जी दस्तावेजों से कब्जे का आरोप, तहसीलदार समेत छह पर मुकदमा दर्ज

**जमीन विवाद में बड़ा खुलासा— फर्जी बैनामा और मिलीभगत के आरोपों से हड़कंप**

**मलिहाबादः फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन कब्जाने का मामला उजागर**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। भूमि पर अवैध कब्जा करने और फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित अभिमन्यु कुमार सिंह ने पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) को तहरीर देकर पूरी घटना की शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज। शिकायतकर्ता ने बिशुनपुर स्थित गाटा संख्या 93 (0.202 हेक्टेयर) जमीन वर्ष 2014 में विधिवत पंजीकृत बैनामा के तहत उनके नाम बेची गई थी। राजस्व अभिलेखों में भी वर्ष 2018 में नामांतरण कर दिया गया था और जमीन उनके कब्जे में थी। आरोप है कि करीब दस वर्ष बाद आरोपी अहमद अली उनकी पत्नी शकी निशां निवासी आंट गढ़ी सौंरा माल मलिहाबाद, महिला सुमित्रा पत्नी बैजनाथ अहमदपुर मजरा करेंद्र माल मलिहाबाद, कृष्ण कुमार अहमदपुर मजरा करेंद्र माल मलिहाबाद, तत्कालीन लेखपाल बिशुनपुर माल मलिहाबाद तथा मामले की तत्कालीन तहसीलदार वंदना कुशवाहा की मिलीभगत से फर्जी तरीके से उसी जमीन का आधा हिस्सा दोबारा बेच दिया गया। पीड़ित के अनुसार दस्तावेजों की कूटरचना कर अवैध रूप से दाखिल खारिज भी करा दिया गया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। मलिहाबाद पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी से संबंधित गंभीर धाराओं में 420, 466, 467, 468, 471 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी का कहना है कि मामले की जांच जारी है और तथ्य सामने आने पर आवश्यक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भारत कौशल प्रतियोगिता में हर प्रतिभागी को मिलेगा मौका, जिला स्तर पर होगा प्रतिभा चयन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः भारत कौशल प्रतियोगिता-2025 के प्रथम चरण की शनिवार से शुरूआत होगी। इस चरण में जिला स्तर पर 25 नवंबर तक कौशल विकास प्रतियोगिता कराई जाएगी और हर जिले से 10-10 अभ्यर्थियों को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा। उप्र कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण कराने वाले सभी प्रतिभागियों को पर्याप्त अवसर देने के निर्देश दिए हैं। मिशन मुख्यालय में आयोजित वर्चुअल बैठक में निदेशक ने कहा कि प्रतियोगिता का प्रथम चरण जनपद स्तरीय होगा, इसके लिए प्रदेशभर से युवाओं द्वारा बड़ी संख्या में पंजीकरण कराया गया है। यह प्रतियोगिता चयनित 20 कौशलों में आयोजित की जाएगी, इसके लिए 18 मंडलों से पांच से छह प्रमुख विधाएं चिह्नित की गई हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता नोडल आइटीआइ में आयोजित होगी। इसके लिए हर जिले में संयुक्त निदेशक और नोडल प्रिंसिपल की दो सदस्यीय समिति गठित की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतियोगिता में कम से कम 90 प्रतिशत प्रतिभागियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों को समय पर सूचित किया जाए। जिला स्तर पर 10 चयनित प्रतिभागियों के नाम मिशन मुख्यालय को प्रेषित किए जाएंगे। ये चयनित प्रतिभागी एक से 10 दिसंबर तक होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। मंडल स्तर पर मूल्यांकन के लिए संयुक्त निदेशक और इंडस्ट्री विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय सदस्यीय दो समिति बनाई जाएंगी, जिनकी सूची अनुमोदन के लिए मिशन मुख्यालय को भेजी जाएगी। अनुमोदन के बाद संबंधित विधाओं के लिए सील्ड पैक प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक विधा से न्यूनतम पांच चयनित अभ्यर्थियों की अवरोही क्रम में सूची मिशन मुख्यालय भेजना अनिवार्य होगा।

# बहन के घर से लौट रहे भाई की सड़क हादसे में मौत

**हादसा**

अमन लेखनी समाचार



मृतक रवि फाइल – फोटो

लखनऊ। बहन के घर से लौट रहे बाइक सवार भाई की सड़क हादसे में मौत सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पारा थाना क्षेत्र के फतेहगंज निवासी रवि (19) शनिवार शाम उन्नाव जनपद औरास के जवन से विवाहित बहन रोशनी के घर से बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था तभी मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नवीनगर गांव के पास सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक हरियाणा प्रदेश में केला गोदाम पर मजदूरी करता था। उसी से अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। अभी कुछ दिन पहले ही गांव लौटा था. मृतक के परिवार में माता कमला, पिता शीतल, बड़ा भाई रविकांत, बहनें कोमल, मानसी, सुभाषिनी है. जिनका रो-रो कर बुराहाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, घटना कैसे हुई इन विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही।

# ईयरफोन लगाकर पटरी पार कर रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

अमन लेखनी समाचार



लखनऊः शहीद पथ स्थित खरगापुर निवासी 18 वर्षीय अखिलेश कुमार की शनिवार सुबह खरगापुर रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वह ईयरफोन लगाकर रेलवे पटरी पार कर रहे थे। इस दौरान ट्रेन आई लेकिन वह उसकी आवाज नहीं सुन सके। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस को उनके पास से ईयरफोन भी मिला है। पुलिस ने परिवार को भी सूचना दी है।

माल के कोलवा भनौरा गांव निवासी अखिलेश अपने मामा राजेश और अन्य लोगों के साथ खरगापुर में रहकर मजदूरी करते थे। शनिवार की सुबह वह घर से काम पर जाने के लिए निकले थे। वह ईयरफोन लगाकर गाने सुन रहे थे। खरगापुर रेलवे क्रासिंग के पास अखिलेश पटरी पार कर रहे थे इसी बीच वह तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने छानबीन की इसके बाद परिवारजन को सूचना दी। भाई बृजेश ने बताया कि घटना के बाद से परिवारजन के रो-रो कर बुरे हाल हैं। परिवार ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाए हैं।

### पहले भी ईयरफोन की वजह से हुई हैं घटनाएं

9 सितंबर 2023- मल्हौर रेलवे क्रासिंग के पास पटरी पर बैठकर मोबाइल चला रहे दक्ष की ट्रेन की चपेट में आने से मौत। साथी उमर मजीद के पैर कटे।

28 अक्टूबर 2024- मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा में ईयरफोन लगाकर फोन पर साले से बात कर 26 वर्षीय देवेंद्र की ट्रेन की चपेट में आने से मौत।

11 दिसंबर 2024- इटौंजा रेलवे स्टेशन के पास 28 वर्षीय शादाब खान ईयरफोन लगाकर पटरी पार कर रहे थे, ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।

19 अगस्त 2025- बख्शी का तालाब रेलवे क्रासिंग पर रात लगभग 10 बजे ट्रेन की चपेट में आए ईयरफोन लगाए दोस्त अक्षत और करन की मौत।

# अवैध पाइप लाइनें बनी रोड़ा, विभाग ने चलवाई जेसीबी

अमन लेखनी समाचार



नहर की सफाई करती जेसीबी

लखनऊ। माइनर में ग्रामीणों द्वारा नहर में अवैध रूप से डाली गई पाइप लाइन को विभागीय टीम ने शनिवार को जेसीबी की मदद से हटवाकर माइनर को साफ कराया। करीब एक दर्जन स्थानों पर स्थानीय लोगों ने नहर में पाइप डालकर अपने निजी रास्ते बना लिए थे, जिसके कारण पानी का प्रवाह बाधित हो रहा था और आगे के गांवों तक सिंचाई के लिए जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था।

राष्ट्रीय जल प्रबंध योजना, शारदा नहर खंड हरदोई के जूनियर इंजीनियर राजकमल सिंह ने बताया कि मलिहाबाद के रुसेना, जौरिया, गोझिहार, जगाती खेड़ा, बेलवार खेड़ा और चैना चौराहा समेत कई स्थानों पर ग्रामीणों ने अपनी सुविधा के लिए नहर में पाइप डालकर रास्ता तैयार कर लिया था। इन अवरोधों के कारण पानी की धारा रुककर नहर की सफाई और प्रवाह व्यवस्था प्रभावित हो रही थी।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को विभागीय टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से नहर की खुदाई कर सभी पाइप लाइनें हटवा दीं। पाइप हटते ही नहर का बहाव सुचारू हो गया और पानी आगे स्थित गांवों तक पहुंचने लगा।

इंजीनियर राजकमल सिंह ने बताया कि नहर में किसी भी प्रकार का निर्माण या अवरोध डालना प्रतिबंधित है। ऐसा करने से जल आपूर्ति प्रभावित होती है और किसानों की सिंचाई पर सीधा असर पड़ता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे नहर में कोई अवरोध न डालें और विभागीय कार्यों में सहयोग करें।

# उत्तर प्रदेश में लगाए गए 2.72 लाख रूफटॉप सोलर प्लांट, राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा राज्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पीएम सूर्यघर योजना ने रिकॉर्ड सफलता हासिल की है। प्रदेश में अब तक 2.72 लाख से अधिक रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे प्रतिदिन करीब 40 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। छतों पर सौर ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता 950 मेगावाट से भी अधिक पहुंच गई है, जिसके साथ यूपी राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है। स्थापना के मामले में प्रदेश गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है, जबकि कुल आवेदनों में दूसरा स्थान प्राप्त है। योजना की शुरूआत में जहां मात्र 400 वेंडर थे, वहीं यह संख्या अब बढ़कर करीब 4 हजार पहुंच गई है। इसके चलते प्रदेश में 48,000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और सप्लाई चेन व मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों में लाखों अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। रूफटॉप सोलर मॉडल से अब तक 3,800 एकड़ कृषि भूमि की बचत भी संभव हुई है। योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा 1,808 करोड़, जबकि राज्य सरकार द्वारा 584 करोड़ की सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं को प्रदान की गई है। सोलर संयंत्रों के माध्यम से बिजली लागत में वार्षिक बचत प्रदेश के ॠऊढ में 0.2% से अधिक योगदान दे रही है, जो उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर गति प्रदान कर रही है।

# डॉ. शाहीन ने रची साजिश, पासपोर्ट में नहीं दिया पिता-भाई का पता; सामने आया नया एड्रेस

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। आतंकी माड्यूल से जुड़ी डॉ. शाहीन बेहद शातिर है। उसे अपनी करतूत का पता था और भविष्य में वह कहीं फंसे न इसकी भी उसे पूरी चिंता थी। परिवार के सदस्यों से दूरी बनाने के पीछे भी इसे ही एक बड़ा मकसद माना जा रहा है। डॉ. शाहीन ने अपने पासपोर्ट में लखनऊ निवासी अपने पिता व भाई डॉ. परवेज अंसारी का स्थायी पता भी नहीं दर्ज कराया था। सूत्रों के अनुसार डॉ. शाहीन ने अपना पासपोर्ट भाई डॉ परवेज के इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के कैंपस में अलॉट मकान के पते पर बनाया था। जबकि पासपोर्ट में अपना अस्थायी पता फरीदाबाद का दर्ज कराया था। साफ है कि वह अपनी गतिविधियों को शुरू से छिपाने का प्रयास कर रही थी। एटीएस अब इसे लेकर भी छानबीन कर रहा है। डॉ. शाहीन की ट्रैवेल हिस्ट्री जांच में सामने आया है कि 2013 में कानपुर में नौकरी छोड़ने के बाद वह थाईलैंड गई थी। जबकि वर्ष 2021 से पहले डॉ. परवेज तीन वर्ष मालदीव में रहा था। दोनों की विदेश यात्राओं व इस दौरान उनकी गतिविधियों को लेकर छानबीन जारी है। यह भी सामने आया है कि अगस्त माह में डॉ. शाहीन लखनऊ आई थी और उस दौरान भाई डा.परवेज को लेकर कानपुर गई थी। वहीं, डॉ. परवेज के इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से से जुड़े दस्तावेजों की भी गहनता से पड़ताल की जा रही है। उसकी कार्यशैली को भी देखा जा रहा है। यह भी सामने आया है कि अपनी नौकरी के शुरूआती वर्षों में डॉ. परवेज लगातार रात की ड्यूटी को प्राथमिकता देता था। उसके ड्यूटी रोस्टर से भी इसके प्रमाण मिले हैं। एटीएस अधिकारियों को संदेह है कि वह ऐसा खास इरादे से करता था। ताकि दिन के समय वह कट्टरपंथियों से मिलने वाले टास्क पर काम कर सके। रात्रि की ड्यूटी महज संयोग थी या षड्यंत्र के तहत डॉ. परवेज ऐसा करता था, इसकी तक तक पहुंचने के लिए जांच एजेंसियां कई अन्य बिंदुओं को भी देख रही हैं। डा.शाहीन व डॉ. परवेज के करीबियों को लेकर भी लगातार छानबीन की जा रही है। उनके साथ जुड़े रहे कई अन्य डॉक्टर अभी संदेह के घेरे में हैं। कई की गतिविधियों व संपर्कों को लेकर भीतरखाने छानबीन जारी है।

# रहीमाबाद में सामाजिक सद्भाव गोष्ठी संपन्न

**28 जातियों के 71 प्रतिनिधि हुए शामिल, सामूहिक एकता का दिया संदेश**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद स्थित उत्सव लॉन में शनिवार को सामाजिक सद्भाव गोष्ठी का भव्य, सफल और प्रेरणादायी आयोजन सम्पन्न हुआ। समाज की 28 जातियों के 71 प्रमुख प्रतिनिधियों की सहभागिता ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। सभी वर्गों ने एक मंच पर एकजुट होकर भाईचारा, सौहार्द और सकारात्मक संवाद को मजबूत करने का संकल्प लिया। गोष्ठी का शुभारंभ विभाग प्रचारक अमित के सारगर्भित उद्बोधन से हुआ। इसके बाद जिला कार्यवाह अभय, खंड संचालक अभिषेक और प्रांत गौ-संवर्धन प्रमुख उमाकांत गुप्ता ने सामाजिक समरसता, कर्तव्यबोध और आपसी सहयोग पर महत्वपूर्ण विचार रखे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संतोष सिंह तिलन, मिथिलेश कुमार पांडेय, राम सिद्ध अवस्थी, रमेश पाल, वीरेंद्र साहू, रामपाल, संतलाल, राकेश रावत, भूपेंद्र हिंदू (विभाग मंत्री), अर्पित सोनी, चंद्रशेखर सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विभाग प्रचारक अमित ने कहा कि, 'यदि ऐसी गोष्ठियाँ हर दो माह के अंतराल पर आयोजित की जाएँ, तो सामाजिक सद्भाव और आपसी विश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।' यह गोष्ठी न केवल संवाद का सशक्त मंच बनी, बल्कि रहीमाबाद क्षेत्र में सामाजिक चेतना, एकता और साझा जिम्मेदारी को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायी प्रयास भी साबित हुई।

## संक्षेप

### मिट्टी डालने को लेकर दबंगो ने युवक को पीटा, दर्ज हुआ मुकदमा

सफीपुर, उन्नाव। सहन की भूमि पर मिट्टी डालने का विरोध करना एक युवक को महंगा पड़ गया।पड़ोस के युवक ने फावड़े से हमला कर घायल कर दिया।सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन सगे भाइयों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र बृजपालपुर गांव निवासी रामस्वरूप पुत्र रामलाल गौतम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घर के सामने सहन में शौचालय बना है वहीं पर ईटा भी जमा है।पड़ोस के सुनील, सुजीत, सुशील पुत्रगण राधेलाल शुक्रवार को जमा ईंटो पर मिट्टी डालने लगे जिसका उसके बेटे सरोज (25) ने मना किया तो गाली गलौज करते हुए सुनील ने फावड़े से हमला कर दिया।जिससे बेटे सरोज के सिर पर वार होने से वह अचेत होकर गिर पड़ा।आरोपी धमकी देते हुए भाग गए ।हमले से गंभीर घायल सरोज को बेहोशी हालत में परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया जहा डाक्टर ने गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।कोतवाली प्रभारी एस एन त्रिपाठी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जाच की जा रही है ।

### किसान पर फावड़े से हमला,कटी अंगुली

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर भेखन गांव में खेत में काम कर रहे एक किसान पर फावड़े से हमला किया गया। हमले में किसान की एक अंगुली कटकर अलग हो गई और उसे सिर में भी गंभीर चोटें आई हैं। घायल किसान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, नसीरपुर भेखन निवासी रामकुमार पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ अपने खेत में दो मजदूरों के साथ लाही की निराई करा रहे थे। इसी दौरान नवीन कटियार का बटाईदार मूलचंद पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल फावड़ा लेकर खेत में घुस आया और लाही तोड़ने लगा।जब रामकुमार ने उसे रोका और चकरोड से जाने को कहा, तो बटाईदार ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद उसने अचानक फावड़े से रामकुमार पर हमला कर दिया। रामकुमार ने खुद को बचाने का प्रयास किया, लेकिन हमले में उनकी एक अंगुली कटकर जमीन पर गिर गई। सिर पर भी गहरी चोट लगने से वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। पीड़ित रामकुमार के अनुसार, उनकी भूमि गाटा संख्या 290 रकबा 1.2010 हेक्टेयर की पैमाइश हुई थी। नवीन कटियार पुत्र स्वर्गीय दयानंद ने चकरोड पर कब्जा कर रखा था, जिसे कब्जा मुक्त कराने के लिए रामकुमार ने 25 अक्टूबर को प्रार्थना पत्र दिया था।रामकुमार का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते नवीन कटियार, उनके पुत्र प्रतीक कटियार और सुधांशु कटियार (पुत्र प्रकाशवीर कटियार) उन्हें आए दिन गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां दे रहे थे। पीड़ित के पास फोन पर मिली धमकियों की कॉल रिकॉर्डिंग भी मौजूद है।हमले के बाद लहूलुहान हालत में रामकुमार कोतवाली पहुंचे, जहां उनका मेडिकल कराया गया। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी

## डीएम व एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर में शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में व पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश की उपस्थिति में आयोजन किया गया।जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया । जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आने वाली फरियादियों की शिकायतों को एक-एक करके गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए ।तहसील दिवस में अनुपस्थित होने व आईजीआर में एस खराब प्रगति पर नाराजगी जताकर संभागीय परिवहन अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण का तत्काल प्रभाव से वेतन रोककर स्पष्टीकरण कॉल करने के निर्देश परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह को दिया। कहा यदि आई जीआरएस में सुधार नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री कार्यालय को संदर्भित किया जाएगा। इसी प्रकार जिला पूर्ति अधिकारी जिला सेवा योजन अधिकारी उपायुक्त उद्योग के आई जी आर एस में असंतुष्ट फीडबैक पर नाराजगी जताकर कार्यवाही की हिदायद दी। जिलाधिकारी ने आईजीआर एस में प्राप्त शिकायतों के समय बद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण को प्राथमिकता बताया। । जिलाधिकारी ने कहा तहसील और पुलिस के अधिकारी यह ध्यान दें कि किसी भी स्थिति में सरकारी भूमि पर कब्जा मिला तो खैर नहीं होगी सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों पर तत्काल प्रभाव से एफ आई आर कराया जाय और उन्हें व भूमाफिया घोषित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा की राजस्व सम्बन्धी चकरोड पैमाइश अवैध कब्जे संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता से लेकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो।सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों सहित कुल 130 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर हुआ शेष शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को दिये। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आव्हान पर प्रदेश के सभी तहसील में धरना के क्रम में सभी लेखपाल ने संपूर्ण समाधान दिवस का बहिष्कार करके 8 सूत्रीय मांगों के संबंध में संपूर्ण समाधान प्रभारी के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंपा। उक्त कार्यक्रम तहसील मंत्री गौरव मिश्रा के नेतृत्व व सतीश जी लेखपाल के मार्गदर्शन में किया गया। धरने में संजीव कुमार, गौरव कुमार,शुलभ शुक्ला, अभिषेक सिंह, सुजीत, रविकांत, अमर, आदि मौजूद रहे। चिकंदरपुर निवासी जितेंद्र सिंह ने आवारा मवेशियों की समस्या को,ममरेजपुर निवासी मनोज दीक्षित ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किये जाने,नसीरपुर निवासी प्रमोद कुमार ने जमीन के सहखातेदारो का गलत अंश निर्धारण किये जाने,सुमेरपुर निवासी रिशु दीक्षित ने पड़ोसी रामू अवस्थी आदि द्वारा आने जाने के रास्ते मे गड्ढा खोद नाली का पानी भरने की शिकायत की। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर उपजिलाधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह,तहसीलदार गणेश सिंह क्षेत्राधिकारी बीघा पुर मधुपनाथ मिश्रा, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तहसीलदार बीघापुर सहित अन्य सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

## कोर्ट के आदेश पर मार्ग निर्माण को गया रोका

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हिलौली ग्राम पंचायत में एक पुराने मार्ग के निर्माण कार्य को न्यायिक स्थगन आदेश (स्टे) के कारण रोक दिया गया है। यह विवाद हिलौली के प्रधान प्रतिनिधि महेश सोनी और मर्दनपुर के प्रधान प्रतिनिधि राहुल यादव के बीच उत्पन्न हुआ है। ग्रामीणों की शिकायत पर मार्ग को साफ करने का काम शुरू किया गया था। विकास खंड हिलौली की ग्राम पंचायत हिलौली में पुरानी बाजार को जोड़ने वाले दो मुख्य मार्ग हैं। इनमें से एक मार्ग कूड़े और छोटे पेड़ों के कारण अवरुद्ध था। ग्रामीणों ने इस मार्ग को फिर से चालू करने का अनुरोध किया था। जिसके बाद हिलौली के प्रधान प्रतिनिधि महेश सोनी ने मार्ग को साफ करने और बनाने का काम शुरू कराया।मार्ग का निर्माण कार्य शुरू होते ही ग्राम पंचायत मर्दनपुर के प्रधान प्रतिनिधि राहुल यादव ने इसे रुकवा दिया। उन्होंने न्यायपालिका से प्राप्त स्थगन आदेश के कागजात दिखाए। इसके बाद हिलौली के प्रधान प्रतिनिधि महेश सोनी ने तहसीलदार को एक शिकायत पत्र दिया। शिकायत के बाद कानूनगो रमेश चंद्र और लेखपाल अरुण कुमार मौके पर पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग 50 वर्षों से अधिक समय से उपयोग में है। राहुल यादव ने कार्य रुकवाने के बाद विवादित स्थान पर नुकीले तारों से घेराबंदी भी कर दी। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। प्रधान प्रतिनिधि महेश सोनी ने बताया कि वे लगभग 50 मीटर लंबे मार्ग का निर्माण करा रहे थे। जिसे राहुल यादव ने स्टे का हवाला देकर रुकवा दिया। सोनी ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल यादव ने इसी भूमि पर पहले से ही अवैध कब्जा कर कमरों का निर्माण करा लिया है। लेखपाल अरुण कुमार ने पुष्टि की कि विवादित रास्ता पंचायत हिलौली की पुरानी आबादी के नाम दर्ज है। और ग्रामीण इसी आबादी से पुराने मार्ग के होने का दावा करते हैं।

## मारपीट में घायल अधेड़ युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के चौकई गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुए पारिवारिक झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई।50 वर्षीय सरजू प्रसाद, पुत्र स्वर्गीय बाजदेव, गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। परिजन मृतक के छोटे भाई पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह घटना 2 नवंबर को हुई थी, जब गांव में जमीन बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों के बीच विवाद बढ़ गया। विवाद इतना गहराया कि दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। इसी दौरान सरजू प्रसाद के छोटे भाई रामू ने उन पर हमला कर दिया, जिससे सरजू गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार वालों ने घायल सरजू प्रसाद को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। कई दिनों तक चले इलाज के बाद शनिवार को उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि सरजू प्रसाद शांत स्वभाव के व्यक्ति थे और खेती-किसानी करके परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके परिवार में दो भाई और एक बहन हैं, लेकिन लंबे समय से जमीन को लेकर भाइयों के बीच तनाव चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि हमले के समय आरोपी भाई रामू ने जानलेवा चोटें पहुंचाईं, जिसके कारण इलाज के दौरान उनकी जान चली गई। सरजू प्रसाद अपने पीछे पांच बच्चे तीन बेटे और दो बेटियां - छोड़ गए हैं। पिता की मौत के बाद परिवार पर आर्थिक संकट का साया मंडराने लगा है। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं और आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## सर्वे सूची वितरण में उमड़ी भीड़

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कासिम नगर में शनिवार को एसआई आर सर्वे की सूची वितरण के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपने दस्तावेजों और पहचान पत्रों के साथ पहुंचे। BLO (बूथ लेवल अधिकारी) टीम द्वारा सूची जारी करने की सूचना पर लोग लंबी कतारों में खड़े दिखाई दिए। इस सर्वे के तहत दर्ज किए गए नामों की पुष्टि करने के लिए ग्रामीण और मोहल्ले के निवासी एकत्र हुए थे। लोगों में यह जानने की उत्सुकता थी कि उनकी पारिवारिक जानकारी, लाभार्थी विवरण और पहचान संबंधित सूचनाएं सूची में सही दर्ज हैं या नहीं। BLO के साथ मौजूद टीम ने लगातार लोगों को फॉर्म भरने, पहचान प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और आगे की कार्यवाही के बारे में जानकारी दी। सूची वितरण के दौरान कई बुजुर्ग, महिलाएं और युवा BLO से संपर्क करते रहे। भीड़ बढ़ने पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन ने अतिरिक्त कर्मचारी भी तैनात किए। BLO ने स्पष्ट किया कि यह सर्वे शासन स्तर पर चल रही योजनाओं का सही लाभ परिवारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसलिए, प्रत्येक व्यक्ति के दस्तावेजों का सही तरीके से दर्ज होना आवश्यक है। कई लोगों ने बताया कि उन्हें सर्वे के बारे में पहले ज्यादा जानकारी नहीं थी। सूची मिलने पर उन्हें अपने परिवार के सदस्यों के नाम शामिल होने या न होने का पता चला। कुछ लोगों ने नाम न मिलने या जानकारी गलत होने पर सुधार प्रक्रिया के बारे में भी BLO से पूछा। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी संशोधन निर्धारित समय सीमा में किए जाएंगे। भीड़ अधिक होने के बावजूद मौके पर व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रही। BLO टीम लगातार घोषणा कर लोगों से क्रम बनाए रखने और आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने की अपील करती रही। स्थानीय निवासियों ने ऐसी सूची समय-समय पर उपलब्ध कराए जाने को पारदर्शिता और योजनाओं से जुड़ी प्रक्रिया में सुविधा के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## छात्रा ने बनाया प्रदूषण-मुक्त कूलर पंखा, वैज्ञानिक सोच का अनोखा प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। विद्या मंदिर हंसेवा की कक्षा 12 विज्ञान वर्ग की छात्रा हिमांशी सविता ने डीसी से चलने वाला प्रदूषण-मुक्त कूलर पंखा तैयार कर अद्भुत नवाचार प्रस्तुत किया है। उनका यह प्रयास न केवल तकनीकी समझ का प्रमाण है, बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का सुंदर संदेश भी देता है। सीमित साधनों में बनाया गया यह मॉडल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को प्रेरित करता है। इस उपलब्धि पर कक्षाचार्य प्रशांत कुमार अवस्थी ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हिमांशी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद सिंह जी ने भी इस नवाचार पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हिमांशी जैसे विद्यार्थी विद्यालय की वास्तविक धरोहर हैंहिमांशी का यह प्रयास सिद्ध करता है कि जब बेटियाँ संकल्प और विज्ञान को साथ लेकर चलती हैं, तो भविष्य स्वयं प्रकाशमान हो उठता है।



## कायाकल्प टीम ने जिला महिला अस्पताल का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला महिला अस्पताल में शनिवार को कायाकल्प टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई गंभीर कमियां सामने आईं, जिस पर टीम ने नाराजगी व्यक्त की। टीम ने सबसे पहले विभिन्न वार्डों, प्रसूति कक्ष, ओपीडी और लेबर रूम का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था और रजिस्टरों की स्थिति का परीक्षण किया गया। निरीक्षण में कई स्थानों पर गंदगी और अव्यवस्था पाई गई। कायाकल्प टीम के सदस्यों ने मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता, बायोमेडिकल वेस्ट डिस्पोजल, हैंडवॉश सुविधा और शौचालयों की सफाई का भी जायजा लिया। दवाओं के स्टॉक रजिस्टर और महिला स्वास्थ्य से संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली भी जांची गई। इस दौरान कई रजिस्टर अपडेट नहीं मिले और कुछ विभागों में रिकॉर्ड अपूर्ण पाया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल स्टाफ से बातचीत की और सफाई तथा अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर के कई हिस्सों में धूल, कचरा और साफ-सफाई में लापरवाही देखने को मिली। इस पर कायाकल्प टीम के प्रभारी संजीव कुमार को फटकार लगाई गई और तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया गया। टीम ने स्पष्ट किया कि गंदगी कायाकल्प मानकों के विपरीत है और मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। टीम ने अस्पताल प्रबंधन से सफाई कर्मियों की निगरानी मजबूत करने और सभी वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। अस्पताल प्रशासन ने सभी कमियों को जल्द दूर करने और कायाकल्प मानकों के अनुसार बेहतर व्यवस्था लागू करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के बाद टीम ने रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही, ताकि आगे की कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। अस्पताल में अचानक हुई इस जांच से स्टाफ में खलबली मच गई। मरीजों और तीमारदारों ने टीम को बताया कि कई बार साफ-सफाई समय से नहीं होती, जिस पर टीम ने तुरंत सुधार के निर्देश दिए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला चौकीदार का शव

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय युवक ब्रजपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव शनिवार सुबह मौरावां थाना क्षेत्र के पास मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है और मामले की जांच की मांग की है। मृतक की पहचान महारानी खेड़ा निवासी ब्रजपाल (25) पुत्र राम सजीवन के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों का आरोप है कि ब्रजपाल मौरावां थाने में चौकीदार का काम करता था और रोज की तरह ड्यूटी पर गया था। उन्होंने ब्रजपाल के चाचा के बेटे नीरज पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, लंबे समय से चल रहे जमीनी विवाद के कारण नीरज ने ब्रजपाल की हत्या की है। ब्रजपाल अपने पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था। परिवार ने बताया कि वह शांत स्वभाव का था और उसका किसी से कोई झगड़ा नहीं था। इस घटना से पूरा गांव स्तब्ध है और ग्रामीणों ने भी निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## दो दिवसीय सालाना उर्स में उमड़ा जायरीनों का सैलाब

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कस्बे के मोहल्ला जिन्दावा बाड़ी में हजरत नेमतउल्लाह शाह बाबा के दो दिवसीय सालाना उर्स के आखिरी दिन जायरीनों का सैलाब उमड़ा। जायरीनों ने बाबा की मजार पर चादर चढ़ाई तथा देर रात हुए मुकाबला ए कव्वाली का लुत्फ उठाया। कानपुर से आए कव्वाल दिलशाद परवाज ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा कि-हसर में जन्नत मिल जाएगी दिल से दुआ तुम पढ़ा करो जिक्रेरे नबी का किया करोवही इसके जवाब में कानपुर के ही दूसरे मशहूर कव्वाल शरीफ परवाज ने कहा कि -मेरे दिल में मोहम्मद रहते हैं गाया , ।कब्बाली का दौर भोर चार बजे समाप्त हुआ ।

## एकता पदयात्रा का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। विकास खंड की ग्राम पंचायत सिंघनापुर के मजरा भिखारी खेड़ा से सरदार वल्लभभाई पटेल की १50वीं जयंती के अवसर पर एकता पदयात्रा का आयोजन सामाजिक संस्था नवयुग जन चेतना सेवा संस्थान एवं ग्राम पंचायत सिंघनापुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस एकता पद यात्रा को ग्राम प्रधान तारावती पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष पुत्तन लाल पाल ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व को हमारे गांव की जनता जान सके इस उद्देश्य से इस एकता पदयात्रा को गांव में निकाला गया है। यह यात्रा ग्राम प्रधान तारावती पाल के दरवाजे से होते हुए गांव की विभिन्न गलियों से होकर के ब्रह्मदेव मंदिर पर समाप्त हुई। इस एकता पदयात्रा में ग्राम सिंघनापुर करसेमऊ और भिखारी खेड़ा के डेढ़ सैकड़ो लोग शामिल होकर के इस यात्रा की जहां शोभा बढ़ाई वहीं पर सभी ने गांव में एकता और अखंडता बरकरार रहे इसकी सामूहिक शपथ भी ली। इस पुनीत अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार, सोमवती, राम कुमारी, शिवपती, सोमवती, कलावती, नीतू, रामरती, धर्मा देवी, रोहित, लाल बहादुर, अनित, मुकेश, धर्मराज, वेदपाल, ऋषभ, शिवम, शिव कुमार, हरिश्चंद्र, उद्धव, रीना, रूपा रावत, कोमल, रीना, फूलकुमारी रावत आदि उपस्थित रहे यात्रा में शामिल सभी लोगो का रोली अक्षत चंदन से स्वागत ग्राम प्रधान पुत्र मनोज पाल ने किया गांव की गलियों में यात्रा पर फूलों की वर्षा ग्रामीणों ने की।

## नगर पालिका प्रशासन ने हटवाया अस्थाई अतिक्रमण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नगर पालिका प्रशासन ने बालूघाट मोड़ से द्वारिका मोहिनी के बीच बने टेंपो स्टैंड पर हुए अस्थायी अतिक्रमण को हटा दिया है। फोरलेन के पोनी रोड तिराहे पर ई-रिक्शा, ऑटो और टेंपो के अव्यवस्थित खड़े होने से लंबे समय से जाम की समस्या बनी हुई थी। इस समस्या को दूर करने के लिए पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय और अधिशासी अधिकारी मुकेश मिश्रा ने बालूघाट के पास पालिका की खाली पड़ी भूमि पर टेंपो स्टैंड का निर्माण कराया था। हालांकि, स्टैंड का संचालन शुरू होने से पहले ही कुछ लोगों ने वहां अस्थायी रूप से कब्जा कर लिया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया। एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला गंगाघाट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने टेंपो स्टैंड परिसर में लगाए गए अस्थायी काउंटर, टीनशेड, टेबल, दुकानें और अन्य अतिक्रमण सामग्री को हटवाया। अभियान के दौरान कई लोगों के चारपहिया वाहन भी स्टैंड परिसर में खड़े पाए गए, जिन्हें चेतावनी देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया गया कि दोबारा वाहन खड़ा पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पालिका कर्मचारियों ने जेसीबी और अन्य उपकरणों की मदद से अवैध कब्जों को हटाया। इस दौरान कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया गया। पालिका अधिकारियों ने बताया कि इस स्टैंड का मुख्य उद्देश्य फोरलेन पर लगने वाले लगातार जाम को कम करना है, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। टेंपो, ई-रिक्शा और ऑटो चालकों के लिए निर्धारित स्थल उपलब्ध होने से यातायात का दबाव भी नियंत्रित रहेगा। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय ने जानकारी दी कि स्टैंड को शीघ्र ही व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं और प्रबंधन संबंधी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था सुधारना प्राथमिकता है और अतिक्रमण के खिलाफ ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि टेंपो स्टैंड शुरू हो जाने से फोरलेन क्षेत्र में रोजाना होने वाली जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

## पंजाबी थीम रंगला पंजाब कार्यक्रम का किया गया भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित आरडीएस ग्रुप आफ स्कूल में बाल दिवस पर शुक्रवार को पंजाबी थीम रंगला पंजाब कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने मंच पर बेहतरीन प्रस्तुतियां पेश कर दर्शकों को पंजाब प्रांत का एहसास करा दिया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रमोद कुमार सैनी व रजनी सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री सैनी ने कहा कि यह शिक्षण संस्थान अपने 25 वर्ष पूरे कर रहा है। यहां से पढ़कर निकले सैकड़ों छात्र छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम में पंजाबी थीम पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा गुरुद्वारा, जलियांवाला बाग, लोहड़ी, भांगड़ा व गिद्दा जैसे नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। पंजाब के पारंपरिक परिधान पहने बच्चों ने शुद्ध पंजाबी में भाषण देकर और गीत सुना कर दर्शकों को पंजाब का एहसास दिला दिया। कार्यक्रम में कानपुर व लखनऊ से पधारे सिख धर्म के गुरु भाई शुभम सिंह रागी जी, भाई हिम्मत सिंह रागी जी, भाई संजीव सिंह ,गुरमीत सिंह व अरविंद सिंह ने मंच पर आकर सिक्ख धर्म के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और मार्शल आर्ट के करतब के साथ ही गुरुवाणी व कीर्तन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में ही गुरुद्वारा की स्थापना की गई। जिसमें सिख धर्म गुरुओं ने अरदास और शबद कीर्तन पेश किए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम में पंजाबी परिधान में आईं 25 माताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक श्रीकांत कटियार , एसडी पब्लिक इंटर कॉलेज लखनऊ के प्रबंध निर्देशक रामानंद सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सैनी समाज अनुराग सैनी, भाजपा नेता नीरज गुप्ता व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने बच्चों की विभिन्न प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की।

## लेखपाल संघ ने मुख्य सचिव को पत्र भेजकर दी आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उत्तर प्रदेश में लेखपाल संवर्ग अपनी लंबित समस्याओं के समाधान न होने से आक्रोशित है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने मुख्य सचिव को पत्र भेजकर आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ का कहना है कि 13 अक्टूबर 2025 को भेजे गए पूर्व पत्र पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिससे संवर्ग में असंतोष बढ़ रहा है। संघ ने सदर तहसील से भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया है कि पिछले नौ वर्षों से लेखपालों की प्रमुख मांगें शासन और विभागीय सहमति के बावजूद लंबित हैं। इन मांगों में शैक्षणिक योग्यता और पदनाम परिवर्तन, प्रारंभिक वेतनमान का उच्चीकरण, एसीपी विसंगति को दूर करना, मृतक आश्रितों को पुरानी पेंशन देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के अतिरिक्त पदों का सृजन, स्टेशनरी भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये करना, मोटरसाइकिल/वाहन भत्ता की मंजूरी और विशेष वेतन भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह किए जाने की मांगें भी शामिल हैं। संघ के अनुसार, इन सभी बिंदुओं पर शासन और परिषद स्तर पर कई बार सहमति बन चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। संघ ने यह भी बताया कि प्रदेश के लगभग 3000 लेखपाल अपने परिवारों से 500 से 1000 किलोमीटर दूर भय और तनाव के माहौल में नौकरी करने को मजबूर हैं। लेखपाल संघ ने 23 अगस्त 2018 के शासनादेश के अनुसार अंतर्मंडलीय स्थानांतरण के लिए परिषद द्वारा ऑनलाइन आवेदन लिए जाने के बावजूद आज तक स्थानांतरण सूची जारी न होने पर कड़ा विरोध जताया है। संघ का आरोप है कि अन्य विभागों के हजारों कर्मचारियों के स्थानांतरण हो चुके हैं, लेकिन लेखपालों की फाइलें लंबित हैं। इसी तरह, मुख्य सचिव के 2 जुलाई 2025 और 3 सितंबर 2025 के निर्देशों के बावजूद राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति के लिए चयन वर्ष 2025-26 की डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) आयोजित न किए जाने पर भी संघ ने नाराजगी व्यक्त की है। इन सभी समस्याओं पर कार्रवाई न होने के कारण संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक 5 अक्टूबर 2025 को रमण रेती आश्रम, मथुरा में हुई। इस बैठक में प्रदेश के 75 जिलों से आए पदाधिकारियों ने गहरा रोष व्यक्त किया। बैठक में कहा गया कि तहसील और जनपद स्तर पर भी अधिकारियों की उदासीनता के चलते कई बार लेखपालों को धरना देना पड़ा, जिससे राजस्व कार्य पूरी तरह ठप हो गए। संघ ने पत्र के माध्यम से चेतावनी दी है कि यदि लंबित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो प्रदेश में बड़े आंदोलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसकी ज़िम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## सम्पादकीय

# महंगाई पर लगातार दूसरी बार आई अच्छी खबर

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल के बीच महंगाई के मोर्चे पर देश के लिए बड़ी अच्छी खबर है। लगातार दूसरी बार खुदरा महंगाई से राहत मिली है, जिससे आम आदमी का जीवन सरल होगा। अक्टूबर में रिटेल महंगाई 0.25 फीसदी के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। इसका कारण खाने-पीने की चीजों की कीमतों में कमी है। ये वर्तमान सीपीआई सीरीज में अब तक की सबसे कम महंगाई है। ये करीब 14 साल का निचला स्तर है। इससे पहले सितंबर में ये 1.44 प्रतिशत पर थी। भारत में सीपीआई की मौजूदा सीरीज 2012 के बेस ईयर पर बेस्ड है। मतलब, 2012 की कीमतों को 100 मानकर तुलना की जाती है। पहले 2010 या 1993-94 वाली सीरीज थीं, लेकिन समय के साथ अपडेट होती रहती है ताकि आंकड़े सही रहें। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी। इसका दूसरा कारण रिजर्व बैंक के प्रयास भी हैं। बैंक अपनी मौद्रिक नीतियों में बदलाव करके लगातार महंगाई पर काबू रखने के जतन कर रहा था, जिसका असर दिखने लगा है। यह पिछले आठ सालों में सबसे कम महंगाई दर है। साल 2017 में महंगाई का आंकड़ा 1.46 था। हमारी अर्थव्यवस्था पर इसका शानदार प्रभाव दिखाई देगा, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह कि क्या भविष्य में महंगाई दर ऐसी ही रह पाएगी। इसके लिए जरूरी है कि इस पर गहरी निगरानी रखनी होगी। इस साल मानसून के दौरान उतरी भारत में अच्छी बरसात, जलाश्यों में भरपूर पानी की उपलब्धता और ज्यादा बिजाई के कारण फसल बेहतर होने की उम्मीद है। इसका असर भी महंगाई पर दिख सकता है, लेकिन खाद्य तेल की महंगाई में अभी भी वो कमी नहीं आई है, जिसकी दरकार है। हां, सब्जी, फल जरूर सस्ते हुए हैं। महंगाई के बास्केट में लगभग 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 2.28 प्रतिशत से घटकर माइनस 5.02 हो गई है। सितंबर महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.07 से घटकर माइनस 0.25 फीसदी हो गई है। वहीं, शहरी महंगाई 1.83 से घटकर 0.88 प्रतिशत पर आ गई है। इसमें कोई दोराय नहीं कि देश के आम नागरिक के जीवन स्तर में सुधार के लिए महंगाई पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। अगर वे ज्यादा खरीददारी कर पाएंगे, तभी इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था पर दिखाई देगा। हां, मुद्रास्फीती की नरमी केवल आंकड़ों में नहीं, बाजारों में भी दिखाई देनी चाहिए। जीएसटी में सुधार के बाद आम जनमानस को महंगाई से राहत तो है, लेकिन अब भी कुछ चीजें ऐसी हैं। जो आम आदमी को महंगी लगती हैं। दूसरी बात ये भी कि अनेक ऐसी वस्तुएं भी हैं, जिन्हें जीएसटी सुधार के बाद कुछ समय के लिए सस्ता तो किया गया, लेकिन उनके दाम कुछ ही दिनों बाद फिर वहीं पहुंच गए। सरकार को इस पर कड़ी निगरानी रखने की जरूर है कि हर सुविधा का पूरा लाभ आम आदमी तक पहुंचे। तभी इसका फायदा आम आदमी और देश की अर्थव्यवस्था को मिल पाएगा।



दिल्ली बम विस्फोट

विकेश कुमार बडोला

राजधानी दिल्ली स्थित लाल किला के समीप से जा रही एक कार में अति तीव्र ध्वनि के साथ एक विस्फोट हुआ और देखते-देखते 12 लोगों की भयंकर दु:खद मृत्यु हो गई। पूरे चौदह वर्ष बाद भारत के अंदर बम धमाका हुआ। यह वास्तव में तब अप्रत्याशित प्रतीत होता है, जब वर्तमान केंद्रीय शासन ने आतंकवाद के संबंध में शून्य सहनशीलता की नीति पर चलते हुए आतंक को नियंत्रित करने के लिए अनेक कार्य किए हैं। केंद्रीय शासन ने न केवल भारत, अपितु विदेशों में भी आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए अनेक गुप्त एवं प्रकट अभियान चलाये हैं, जिनमें उसे अपेक्षित सफलता भी मिली है। इन परिस्थितियों में दुनिया से इस्लामी आतंक कभी समाप्त हो सकता है।

# दोबारा उग आई आतंकी विषबेल

एक दशक से अधिक समय के बाद राजधानी दिल्ली बम विस्फोट से पुनः अस्थिर हो उठी है। 10 नवंबर को संध्याकाल 6.52 बजे दिल्ली स्थित लाल किला के समीप से जा रही एक कार में अति तीव्र ध्वनि के साथ एक विस्फोट हुआ और देखते-देखते 12 लोगों की भयंकर दुःखद मृत्यु हो गई। इस विस्फोटक घटना में करीब दो दर्जन लोग गंभीर रूप में घायल हैं। जिस स्थान पर विस्फोट हुआ, वहां संध्याकाल में प्रायः भीड़ होती है। विस्फोट के बाद पास खड़े 11 वाहनों में भयंकर आग लग गई।

घटनास्थल की त्वरित जांच करने के बाद दिल्ली पुलिस ने उस आई-20 कार के स्वामी को अभिरक्षा में ले लिया, जिसमें विस्फोट हुआ था। कार मालिक का नाम मोहम्मद सलमान है। उसने बताया कि उसने यह कार ओखला के देवेंद्र नामक व्यक्ति को बेची और बाद में यह कार अंबाला के किसी रहवासी को बेच दी गई। संध्या समय लाल किला में बम धमाका होने से पहले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र हरियाणा के फरीदाबाद सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से तीन मुस्लिम चिकित्सक और आठ अन्य लोगों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। इनसे 2900 किलो विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार इन लोगों को अभिरक्षा में लेने के बाद जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले हुए जैश-ए-मोहम्मद व आईएस से जुड़े अंसार गजवातुल हिंद के आतंकवादी तंत्र और इसकी संभावित आतंकी गतिविधियों का खुलासा हुआ है। जिस कश्मीरी चिकित्सक को पकड़ गया है, उसका नाम मुजम्मिल गनी है। इसके साथ ही लखनऊ की चिकित्सक शाहीन को भी पकड़ा गया है। शाहीन की कार से एके-47 राइफल मिली है। गृहमंत्री अमित शाह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद वक्तव्य दिया है कि घटना की हर कोण से सघन जांच की जाएगी।

दिल्ली ही नहीं, जम्मू-कश्मीर एवं अन्य सीमांत क्षेत्रों को छोड़कर देश के अंदर किसी भी महानगर या नगर में गत 14 वर्षों से कोई बम धमाका नहीं हुआ था। दिल्ली में हुए पुराने बम धमाकों एवं आंतकी गतिविधियों के आंकड़ों पर दृष्टिपात करें तो 25 मई 1996 को लाजपत नगर सेंट्रल मार्किट में हुए धमाके में 16 लोग मारे गये थे। इसके बाद 10 अक्टूबर 1997 को शांतिवन कौरिया पुल किंग्जवे कैंप के धमाके में 1 व्यक्ति की मृत्यु हुई। 18 अक्टूबर 1997 को रानी बाग मार्किट में भी धमाके ने 1 वयक्ति की जान ली। लाल किला क्षेत्र में 30 नवंबर 1997 को हुए धमाके में 3 मौतें हुईं। फिर 30 दिसंबर 1997 को पंजाबी बाग बम विस्फोट में 4 मौतें हुईं, 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर बड़ा आतंकी हमला हुआ था। इसमें नौ 9 सुरक्षा कर्मी मारे गये थे। सबसे बड़े बम विस्फोट 29 अक्टूबर 2005 को सरोजिनी नगर, पहाड़गंज व गोविंदपुरी कुल तीन स्थानों पर हुए, जिनमें 62 लोग मारे गये थे। 13 सितंबर 2008 को गफ्फार मार्किट, बाराखंभा, ग्रेटर कैलाश में हुए विस्फोटों में 25 मौतें हुईं और आखिरी बम धमाका 7 सितंबर 2011 को दिल्ली उच्च न्यायालय में हुआ था, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद कल 10 नवंबर को पूरे चौदह वर्ष बाद भारत के अंदर बम धमाका हुआ। यह वास्तव में तब अप्रत्याशित प्रतीत होता है, जब वर्तमान केंद्रीय शासन ने आतंकवाद के संबंध में शून्य सहनशीलता की



नीति पर चलते हुए आतंक को नियंत्रित करने के लिए अनेक कार्य किए हैं। केंद्रीय शासन ने न केवल भारत, अपितु विदेशों में भी आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए अनेक गुप्त एवं प्रकट अभियान चलाये हैं, जिनमें उसे अपेक्षित सफलता भी मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवादियों के तंत्र को ध्वस्त करने का सर्वाधिक सफलतम एवं उल्लेखनीय अभियान चलाया गया, जिसके संरक्षण में उतरे पाकिस्तान को भी भारत का गंभीर सैन्य आघात झेलना पड़ा। हालांकि ऐसा नहीं था कि 7 सितंबर 2011 के बाद भारत की राजधानी दिल्ली सहित महानगरों एवं नगरों में आतंकियों ने अपनी हरकतों को अंजाम देने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित अनेक शत्रु देशों ने भारत के विरुद्ध अपने-अपने यहां पाले गए आतंकवादियों के माध्यम से अनेक आतंकी अभियान चलाये, किंतु भारतीय रक्षा-सुरक्षा एजेंसियों ने उन्हें घटित होने से पहले ही ध्वस्त कर दिया था। छह-सात माह पूर्व राम मंदिर परिसर तथा कुंभ मेले में भी विभिन्न आतंकी गिरोह हिंदू तीर्थयात्रियों की भीड़ में बड़ा बम विस्फोट करने का षड्यंत्र कर रहे थे, किंतु देश की सुरक्षा एजेंसियों ने उनके इरादों को अमल में आने से पहले ही रोक दिया था।

वर्तमान केंद्र शासन के सत्तारूढ़ होने के बाद देश में अनेक आतंकवादियों एवं इनके देशी-विदेशी तंत्रों का खुलासा हुआ है तथा अपेक्षित ढंग से इनका सफाया भी किया गया है। किंतु दिल्ली में बम विस्फोट होने और कई राज्यों में भारत के विरुद्ध आतंकी षड्यंत्रों में संलिप्त आतंकवादियों के पकड़े जाने के उपरांत यही सिद्ध होता है कि आतंकवाद की मूल जड़ तक पहुंचकर उसे काटने की दिशा में न तो वर्तमान भारतीय केंद्र शासन और ना ही दुनिया के देशों के शासन कुछ विशेष प्रयास कर रहे हैं। घुसपैठ पर केंद्र से लेकर राज्य शासन तक केवल कोरे वक्तव्य दिये जा रहे हैं किंतु ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी मुसलिम घुसपैठियों एवं इनके राजनीतिक संरक्षकों की धरपकड़ नहीं हुई और न हो रही है। आतंक के मूल में इस्लामी मजहब के वे सिद्धांत हैं, जो मदरसों में बैठे मुस्लिम बच्चों से लेकर पढ़े-लिखे मुस्लिम आतंकवादियों के मन-मस्तिष्क में यही धारणा बनाये बैठे हैं कि दुनिया में केवल और केवल इस्लाम की स्थापना होनी चाहिए और मुसलमानों के अतिरिक्त किसी अन्य धर्म का कोई अनुयायी जीवित न रहे। जब तक भारत के कर्ताधर्ता इस मुस्लिम सिद्धांत एवं धारणा को केंद्र में रखकर भारत व भारतीयता के हित में तात्कालिक रूप में अप्रिय लगने वाले कुछ कठोर कार्यकारी निर्णय नहीं लेंगे, तब तक एक-दो दशकों तक आतंक पर व्यावहारिक नियंत्रण तो लगाया जा सकता है, किंतु जैसे ही सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में कमी होगी तो फिर दिल्ली जैसे धमाकों की पुनरावृत्ति भी अवश्य होती रहेगी। ऐसा तब तक होता रहेगा जब तक इस्लामी मजहब के एक-एक प्रतीक को ध्वस्ताधूत नहीं कर दिया जाता। इस हेतु संविधान की प्रस्तावना बहुसंख्यक हिंदुओं तथा उनकी धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप परिवर्तित करनी ही होगी। ऐसा करे बिना देशी-विदेशी कोई भी शासन, कितना ही श्रेष्ठ शासन हो, वह कभी भी मुस्लिम आतंकवाद एवं इसके कारण उत्पन्न होने वाली आतंकी गतिविधियों पर कभी भी नियंत्रण नहीं लगा सकता।

जब भारत की दिल्ली आतंकी बम धमाका से गूंज रही है, दुःखद है कि उसी समयावधि में वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल व्हाइट हाउस में आईएस के खुद अमेरिका द्वारा घोषित ईनामी आतंकी और अब सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा का स्वयं ट्रंप गर्मजोशी से स्वागत कर रहे हैं। क्या इन परिस्थितियों में दुनिया से इस्लामी आतंक कभी समाप्त हो सकता है? यह प्रश्न भारत के शासकों को बारंबार स्वयं से पूछना चाहिए।

## सियासत

राजेंद्र बज



# राजनीति में अनावश्यक टकराव को टालना चाहिए

लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चलते यह बहुत स्वाभाविक है कि नेतृत्व की कार्यशैली पर टीका टिप्पणी की जाए। लेकिन विषय विशेष को लेकर नेतृत्व के प्रति व्यक्त की गई सहमति को अंधभक्ति करार देना कतई उचित नहीं कहा जा सकता। एक अरसे से मीडिया के अलग-अलग अंगों में नेतृत्व के प्रति विश्वास को अंधभक्ति के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। अपितु समर्थन या विरोध को अलग-अलग शब्दावली में निरूपित किया जा रहा है। ऐसे में मीडिया का वह वर्ग जो तटस्थ है, उसे भी उसकी किसी भूमिका को लेकर उक्त श्रेणी में शुमार किया जाने लगा है। यह सिलसिला निरंतर जारी है। दरअसल वर्तमान परिस्थितियों में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष व्यक्ति विशेष के पक्ष या विपक्ष में विभाजित होते देखे जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में वस्तुस्थिति ज्ञात करना जटिल होता जा रहा है। राजनीतिक परिदृश्य में खंड-खंड प्रतिपक्ष के चलते नेतृत्व विरोधी मानसिकता असंगठित और बिखरे हुए प्रतिपक्ष के रूप में कार्य कर रही है। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के लिए विषय विशेष पर अपनी अटल धारणा बना लेना जटिल हो रहा है। इन दिनों राजनीतिक बयानबाजी निष्पक्ष अथवा तटस्थ होने के स्थान पर पूर्वाग्रहयुक्त दिखाई देती है। यही नहीं, आम नागरिकों के भी अपने अपने पूर्वाग्रह हैं। इसी आधार पर नेतृत्व को कसौटी पर कसा जा रहा है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में विचारधारा का ध्रुवीकरण स्पष्ट तौर पर नजर आता है। एक वर्ग नेतृत्व के समर्थन में नजर आता है तो दूसरा वर्ग नेतृत्व के विरोध में गतिशील दिखाई देता है। दलीय राजनीति का व्यक्ति केंद्रित हो जाना चिंता का विषय हो सकता है, किंतु नेतृत्व की नेक नियत के चलते यह स्थिति सुखकारी सिद्ध हो रही है। इन परिस्थितियों के चलते आम नागरिक भी विषय विशेष पर अपना स्पष्ट अभिमत नहीं बना पाता। विशेष रूप से इस दशक में देखते-देखते दलीय राजनीति अपना स्वरूप बदलकर व्यक्तिवादी राजनीति में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। निश्चित रूप से लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में व्यक्ति विशेष का दल विशेष से ऊपर हो जाना, अतिरिक्त रूप से गंभीर चिंता का विषय हो सकता है। इतना जरूर है कि वर्तमान नेतृत्व में राष्ट्रवादी विचारधारा को पर्याप्त सम्मान मिला है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात राष्ट्र की एकता और अखंडता को लेकर जो परिस्थितियां प्रश्नचिन्ह लगाती थी, उसका सफल उपचार भी किया गया है। कुल मिलाकर नेतृत्व की कार्यक्षमता और नेक नियति पर कोई गंभीर सवाल भी नहीं उठाया गया है। जाहिर है कि जिनके स्वार्थ आहत हुए, वे शोर मचाए जा रहे हैं। राजनीति में शुचिता और पवित्रता का वातावरण नए सिरे से स्थापित करने में नेतृत्व की सफलता निर्विवाद है। इन दिनों राजनीतिक पूर्वाग्रहों की प्रबलता कुछ इस कदर है कि नीति और सिद्धांतों को ताक पर रखकर बेमेल राजनीतिक समझौते किए जा रहे हैं। वर्तमान दौर में प्रतिपक्ष की एकमात्र चिंता का कारण वह नेतृत्व है, जिसे जनमत के बहुमत का समर्थन स्पष्ट तौर पर प्राप्त है। माना कि राजनीतिक दलों की राजनीति का एकमात्र उद्देश्य सत्ता प्राप्ति हो सकता है। लेकिन यह लक्ष्य व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन करने के लिए होता है। ऐसी स्थिति में जनादेश के संकेतों को न समझ पाना, प्रतिपक्ष द्वारा हकीकत को नजरअंदाज करने के समकक्ष होगा। जितना विरोध नेतृत्व का किया गया, उतनी ही तेजी से वह नेतृत्व और अधिक सशक्त जनाधार पाता गया। आज मीडिया के एक वर्ग विशेष में नेतृत्व के प्रति सहमति को अंधभक्ति के रूप में निरूपित किया जा रहा है। आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला निरंतर जारी है। समर्थन के लिए समर्थन किया जा रहा है और विरोध के लिए विरोध किया जा रहा है। ऐसे दौर में राजनीतिक विचारधारा दो भागों में विभक्त दिखाई देती है। यह अजीब बात है कि यह विचारधारा दल विशेष से कहीं ज्यादा व्यक्ति विशेष के प्रति समर्थन या विरोध में मुखरित हो रही है। आखिर यह सिलसिला किस मुकाम पर जाकर थमेगा ?

## क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित

दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

## दो अनमोल हीरे



संकलित

प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊँट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊँट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊँट बेचने वाला बहुत खुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊँट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सोने की बढ़ती कीमतों पर लगे लगाम**

भारतवर्ष कभी सोने की चिड़िया थी और भारत था भी सर्वाधिक सम्पन्न देश। टनों के हिसाब से सोना मंदिरों और पूजा-स्थलों में भरा था। आततायों ने मंदिरों को तहस नहस कर अपने देशों को समृद्ध बनाया। ऐसा वे बार बार करते रहे और भारत के सोने के भंडार खाली नहीं होते थे। आजकल सोना इतना महंगा हो गया कि गरीब बेटी के हाथ पीले करने के बारे में सोच नहीं सकता, और गरीब की पहुंच से परे पीली धातु का होना एक अभिशाप बन गया। कारण चाहे कुछ भी हो, सोने के दाम एक लाख रुपए ऊपर चले जाना बड़ी एवं दु:खद बात है। एक बात स्पष्ट है कि एक विशाल सम्पन्न देश इसकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में विफल है या नियंत्रण लगाना ही नहीं चाहता। इस पर नियंत्रण होना चाहिए। *- सुरेश साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# रियाद में भारतीय संस्कृति और सऊदी दोस्ती का जश्न

भारतीय प्रवासियों को घर जैसा महसूस करने तथा सऊदी अरब के मूल निवासियों को भारत की जीवंत संस्कृति एवं विरासत का अनुभव करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करने के लिए हाल ही में सऊदी अरब की राजधानी रियाद में संपन्न हुआ 'इंडिया वीक' कार्यक्रम एक शानदार पहल रहा। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पारंपरिक शिल्प से लेकर विविध क्षेत्रीय व्यंजनों तक, यहां अल-सुवेदी पार्क दो से 10 नवंबर तक एक जीवंत 'मिनी इंडिया' में तब्दील हो गया। 'वैश्विक सद्भाव' पहल के दूसरे संस्करण के तहत इसका आयोजन सऊदी अरब के मीडिया मंत्रालय और सामान्य मनोरंजन परिषद (जीईए) द्वारा किया गया।




## ऑफ बीट

# मगरमच्छ के 5.5 साल पुराने अंडे के खोल मिले

दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड में ब्रिस्बेन से लगभग 250 किलोमीटर दूर मुरगॉन नामक छोटा शहर स्थित है। देश की यह बस्ती लगभग 2,000 लोगों की आबादी का घर है और दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण जीवाश्म स्थलों में से एक मानी जाती है। पिछले कुछ दशकों में जीवाश्म वैज्ञानिकों ने मिट्टी के भीतर 5.5 करोड़ साल पुराने कई महत्वपूर्ण अवशेष खोजे हैं। इनमें दुनिया के सबसे पुराने, गाने वाले पक्षियों के जीवाश्म, ऑस्ट्रेलिया में पाए गए केवल ज्ञात सैलामेंडर के जीवाश्म और ऑस्ट्रेलिया के सबसे पुराने मार्सुपियल जीवाश्म शामिल हैं।



## X ट्रेंड

### विशेष बुद्ध अवशेष



मेरी भूटान यात्रा ऐसे समय में हुई है जब इस देश के लोग ऐतिहासिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। यह चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो की 70वीं जयंती है, वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव चल रहा है और भारत से विशेष बुद्ध अवशेष यहां लाए गए हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बाल निमोनिया के लिए पहल



बाल निमोनिया को कम करने के लिए, सांस (सामाजिक जागरूकता और निमोनिया को सफलतापूर्वक निष्क्रिय करने की कार्रवाई) शुरू की है ताकि स्वास्थ्य प्रणालियों, सामुदायिक जागरूकता से बाल निमोनिया को कम किया जा सके।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### कुछ रोगों का इलाज नहीं



गिरगिट चाहे कितना भी रंग बदल ले, वह गिरगिट ही रहेगा। जिसे 'वंदे मातरम' से समस्या है, वह देश के लिए भी समस्या है। दिल्ली बम विस्फोट ने यह पुन: प्रमाणित कर दिया है कि शिक्षा से कुछ बीमारियों का इलाज नहीं हो सकता।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### कमिटमेंट पूरा किया



हमने जो कमिटमेंट किया था, उसे पूरा किया.. बहनों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए हम 'लाड़ली बहना योजना' की राशि निरंतर बढ़ाएंगे। इस अवसर पर 560.75 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण भी किया।

- डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

## संक्षेप

### किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कारण अज्ञात, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर थाना क्षेत्र की ग्राम सभा भिदूरा में एक 16 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, किशोरी खाना खाकर अपने कमरे में सोई थी। सुबह जब परिवार के सदस्यों ने उसे देखा, तो वह फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। घटना की सूचना तत्काल जयसिंहपुर कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया। जब परिजनों से इस संबंध में पूछताछ की गई, तो उन्होंने आत्महत्या का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। परिजनों ने कहा कि उन्हें इस घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है कि यह कैसे और क्यों हुई। जयसिंहपुर कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बजरंगबली स्थल पर रामायण का आयोजन

**ग्रामीणों ने मन्नत पूरी होने पर कराया कार्यक्रम, मनोकामनाएं होती हैं पूर्ण**

सुलतानपुर, धनपतगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत सधराभारी में बजरंगबली के स्थान पर एक रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्रामीणों की आस्था का प्रतीक है। ग्रामीणों के अनुसार, बजरंगबली उनकी मन्नतें और मुरादें पूरी करते हैं। इसी आस्था के चलते ग्रामीण बजरंगबली के स्थान पर ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि बजरंगबली सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इस कार्यक्रम में पंकज सिंह, अमर सिंह, प्रहलाद सिंह और लालू सिंह जैसे कई ग्रामीण शामिल हुए।

### 251 कन्याओं का सामूहिक पूजन

**पहाड़पुर सराय भीषम गांव में भव्य कन्या भोज का आयोजन**

सुलतानपुर, मोतिगरपुर स्थित ग्राम पंचायत पहाड़पुर सराय भीषम में गुरुवार को 251 कन्याओं का सामूहिक पूजन और कन्या भोज आयोजित किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से कन्याओं का पूजन किया गया। कार्यक्रम में कन्याओं का तिलक, कुमकुम और पुष्प से स्वागत किया गया, साथ ही उन्हें अंगवस्त्र और उपहार भी भेंट किए गए। दोपहर करीब 2 बजे, ग्राम प्रधान सुनीता सिंह और उनके पति सर्वेश सिंह ने मुख्य यजमान के रूप में सभी कन्याओं के चरण पखारकर उनका आदर किया और उन्हें स्वादिष्ट भोजन परोसा। आयोजन स्थल पर धार्मिक वातावरण बना रहा और माता के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। रायबरेली से पधारे आचार्य पं. अशोक कुमार शुक्ला ने कन्या भोज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कन्याभोजनं पुण्यं सर्वपापप्रणाशनम्‌ अर्थात कन्या भोज सभी पापों का नाश कर पुण्य प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन न केवल देवी आराधना का प्रतीक है, बल्कि समाज में नारी सम्मान और संस्कारों के संरक्षण की प्रेरणा भी देता है।

## जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी गयी भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयन्ती

**ब्लाक मुख्यालय मिहीपुरवा में आयोजित हुआ समारोह**

**प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। आदिवासी अस्मिता, उपनिवेशवाद के विरोधी, जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी, स्वायतत्ता और संस्कृति के प्रतीक भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती विकास खण्ड मिहींपुरवा के सभागार में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी गयी। समारोह के मुख्य अतिथि मिश्रीख सांसद अशोक रावत ने विशिष्ट अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, विधायक बलहा सरोज सोनकर, ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीराम थारू ने अंग वस्त्र भेंटकर तथा भगवान बिरसा मुंडा का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जनजाति समाज के बच्चों द्वारा थारू संस्कृति पर आधारित स्वागत गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। माधवपुर प्रधान प्रतिनिधि प्रेमचंद राजभर ने अपनी टीम के साथ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकगीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अशोक रावत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी, आदिवासी अस्मिता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जो त्याग, संघर्ष, और योगदान दिया है, वह अविस्मरणीय और अतुलनीय है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि सांसद बहराइच डा. आनंद गोंड, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय, बलहा विधायक सरोज सोनकर तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीराम थारू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा, जनजाति समाज की महिला नेत्री माधुरी, धनश्याम थारु, केशवराम थारु, श्रवण कुमार, सुरेश कुमार, दीपक चौधरी सहित सैकड़ो की संख्या में जनजाति समाज के लोग तथा काफी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान देदियापाड़ा गुजरात में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि सांसद मिश्रिख अशोक रावत ने बहराइच सांसद डॉ आनन्द कुमार गोड़, विधायक बलहा सरोज सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व अन्य के साथ पारिवारिक लाभ योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर ब्लाक परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अतिथिगण द्वारा अवलोकन किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले जनजाति समाज के प्रतिभावान बच्चों को नगद पुरस्कार देते हुए प्रशस्ति पत्र तथा लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया।

## सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा




बहराइच। 59वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के निर्देशन में डॉ. जय प्रकाश वर्मा, (राजकीय पशु चिकित्सा मिहिपुरवा) के सहयोग से 59 वाहिनी के कार्यक्षेत्र में स्थित गाँव करमोहना में एक विशेष निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस महत्त्व पूर्ण पहल का उद्देश सीमावर्ती गांवों के पशुपालको को उनके पशुओ के स्वास्थ के प्रति जागरुकत करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा प्रदान करना था। इस शिविर में न केवल पशुओ का उपचार किया गया, बल्कि पशुपालको को स्वास्थ, पोषण और अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में डॉ. जय प्रकाश वर्मा (राजकीय पशु चिकित्सा मिहिपुरवा) मिहिपुरवा के नेतृत्व में और 59 वाहिनी एसएसबी बल के अनुभवी पशु चिकित्सो की टीम ने भाग लिया। इस कार्यक्रम पर कुल 02 गाँव के 317 पशुओ का इलाज किया गया। 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा अपने सम्पूर्ण जिम्मेदारी का पालन करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता रहेगा।

## सीडीओ की अध्यक्षता में तहसील कैसरगंज में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील कैसरगंज में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये गये। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाया जाय। सीडीओ ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद भी की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 71 आवेदन पत्रों में से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य



विकास अधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्रासन्न भी कराया गया।

*उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा(मोतीपुर) में अपर जिलाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 36 प्रार्थना-पत्रों में 04, पयागपुर में 33 में 05, तहसील सदर बहराइच में 17 में 02, महसी में 12 में 02 तथा नानपारा में 31 में 04 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।*

## मुख्य विकास अधिकारी को लेखपाल संघ ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। उ0प्र0 लेखपाल संघ की प्रान्तीय कार्यकारिणी के निर्देश पर उ0प्र0 लेखपाल संघ उप ?शाखा कैसरगंज के लेखपालों ने धरना देते हुए अपनी मांगों के सम्बन्ध मे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के प्रभारी को अपनी मांगों के सम्बन्ध में एक ज्ञापन सौंपा। लेखपाल संघ कैसरगंज के तहसील अध्यक्ष पवन चौहान द्वारा अवगत कराया गया कि वर्षों से लेखपालों के ऊपर अत्यधिक कार्य का दबाव है और शासन ने कई वर्षों से पुरानी मांगों पर आज तक कोई विचार नहीं किया गया है जिसके कारण पूरे प्रदेश के लेखपालों में आक्रोश व्याप्त हैं जिसके कारण शनिवार को एक दिवसीय धरना करते हुए शासन का ध्यान अपनी मांगों की तरफ आकर्षित करने हेतु तहसील परिसर में दिया गया। ज्ञापन मे कहा गया कि यदि शीघ्र मांगों को पूरा नहीं किया गया तो बड़े आन्दोलन पर विचार किया जायेगा। इस धरने में अध्यक्ष पवन चौहान व मंत्री चन्द्रकेश मौर्य के साथ लेखपाल सत्यपाल, रोहित पाल, शादाब अहमद, दिनेश चंद्र आर्य, अतुल कुमार, नीटू सिंह, रूपेंद्र सिंह, महावीर राय, प्रियंका श्रीवास्तव, विजय लक्ष्मी त्रिपाठी, शैलजा सिंह, तृप्ति श्रीवास्तव, अमनदीप कौर, विवेक वर्मा, अमित, शिवराज सहित अनेक लेखपाल उपस्थिति रहे।

## कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण बिजली कटौती अवधि बढ़ी

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। विद्युत वितरण खंड नानपारा के अधीन चल रहे इंटरपोलिंग व सुदृढ़ीकरण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण न होने के कारण बिजली कटौती की अवधि बढ़ा दी गई है। विभाग ने जानकारी दी कि 16 नवंबर से 18 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चयनित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इससे पूर्व भी 7 नवंबर से 15 नवंबर तक रुपईडीहा व आसपास के ग्राम्य क्षेत्रों में रोजाना बिजली आपूर्ति बाधित रही। अवर अभियंता शंभू दयाल ने बताया कि नानपारा स्थित 33/11 केवी उपकेंद्र से संचालित सहाबा फीडर की 33 केवी लाइन पर आरडीएसएस योजना के तहत बड़े पैमाने पर तकनीकी सुधार कार्य चल रहा है। इस कार्य में लाइन के लंबे स्पैन की इंटरपोलिंग, ढीले संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण और रखरखाव शामिल है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र को भविष्य में अबाध व गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति देना है। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कटौती के समय के अनुसार अपने आवश्यक कार्य पूर्व में ही निपटा लें, जिससे निर्धारित घंटों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। विभाग का कहना है कि यह कार्य पूरा होने के बाद लाइन की क्षमता बढ़ेगी और बार-बार होने वाली तकनीकी त्रुटियाँ कम होंगी।

## श्रमिक बालकों का किया उत्साहवर्धन



**स्कूली बच्चों को दिया खेलकूद का सामान**

**स्कूल में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। 15 नवम्बर 1875 को झारखंड में जन्मे बिरसा मुंडा जो ब्रिटिश शासन के खिलाफ आदिवासी प्रतिरोध के महत्वपूर्ण नेता थे, उनके जन्म दिवस राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट की ओर से चिलवरिया स्थित विहान बालक आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को खेलकूद का सामान दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के फाउंडर बी डी लखमानी व विशिष्ट श्रम प्रवर्तन अधिकारी सूरज तिवारी रहे। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने बिरसा मुंडा के जीवन पर नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट की ओर स्कूल के बच्चों की उपस्तिथि में स्कूल वार्डन प्रतिमा सिंह को एक फुटबाल, 03 कासको बाल सहित क्रिकेट बैट, एक आधा दर्जन शटल काक सहित एक जोड़ी बैडमिंटन प्रदान किया। इस अवसर पर संस्था के पश्चिम बंगाल से आये अतिथि द्वपिन घोष, अनुराग शुक्ला, राजेश कुमार, अखंड प्रताप सिंह, संजीव कुमार उपस्थित रहे।

## लाल किले ब्लास्ट में दिवंगत आत्मा को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दिल्ली के लाल किले पर हाल ही में हुए आत्मघाती बम ब्लास्ट में दिवंगत आत्मा हुए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए सत्य प्रेम सनातन संस्कृति ट्रस्ट की ओर से सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, ट्रस्ट के पदाधिकारी, युवा एवं वरिष्ठजन शामिल हुए। सभी ने मोमबत्तियाँ जलाकर दिवंगत आत्मा की याद में कैंडल मार्च निकाला और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का संदेश दिया।

### कार्यक्रम की शुरूआत

को नमन करते हुए की गई, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि यह कैंडल मार्च देश के प्रति सम्मान और समाज में एकता का प्रतीक है। दिवंगत आत्मा के त्याग को याद करते हुए कार्यकताओं ने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है और इस लड़ाई में देश का हर नागरिक एकजुट है। कैंडल मार्च के दौरान घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए भी सामूहिक प्रार्थना की गई। लोगों ने ईश्वर से कामना की कि सभी घायल मरीज जल्द से जल्द स्वस्थ होकर अपने परिवारों के बीच लौट सकें। ट्रस्ट सदस्यों ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएँ देश की आत्मा को झकझोर करती हैं, लेकिन देशवासियों की एकता ही आतंकवाद के इरादों को कमजोर करती है। यह कार्यक्रम उमेश द्विवेदी, जिला अध्यक्ष उन्नाव के नेतृत्व में छोटी आनंदी, शीतलगंज, पुरवा में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता और युवाओं को देशहित में एकजुट होकर समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारियों ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को देशभक्ति का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने राष्ट्र की सुरक्षा और शांति की कामना की वही मौजूद रहे डॉ प्रभा शंकर मिश्र भूपेंद्र कुमार मयंक शर्मा सिद्धनाथ गुप्ता उदय गुप्ता सिद्धार्थ रावत रजजन गुप्ता ऋतिक गौतम राम जी शुक्ला ज्योति वर्मा सभासद आदि लोग मौजूद रहे

## भारत-नेपाल सीमा पर अवैध घुसपैठ का प्रयास विफल

**एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने दो विदेशी नागरिकों को किया गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार




रूपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर अवैध रूप से घुसपैठ करने वाले दो विदेशी नागरिकों को रूपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। रूपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर भारत-नेपाल सीमा पर अवैध घुसपैठ करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ये बड़ी की गई। उन्होंने बताया कि अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के निर्देशन में तथा मेरे नेतृत्व में स्थानीय पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने 15 नवंबर 2025 को प्रातः 10 बजे रूपईडीहा चेकपोस्ट पर जांच के दौरान नेपाल से भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने का प्रयास कर रही एक ब्रिटिश नागरिक महिला एवं एक पुरुष, जो पाकिस्तानी मूल का है, को पकड़ लिया। जिनकी पहचान सलुमत्रा शकीफ ओलिविया उम्र 61 वर्ष,

### पत्नी जॉन फ्रेडरिक सलुमत्रा

मूल निवासी उडुपी, कर्नाटक जो कि ब्रिटिश पासपोर्ट एवं डउक्कार्ड धारक है वर्तमान पताः 25 Hearchcombe Drive, ग्लॉस्टर (UK) तथा दुसरे की पहचान हसन अम्मान सलीम उम्र 35 वर्ष पिता मोहम्मद सलीम (पाकिस्तानी मूल)

वर्तमान पताः 1A Dalmorton Road ,मैनचेस्टर (UK)

है। दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध थाना रूपईडीहा पर विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय सदर, बहराइच के समक्ष पेश करने के लिए रवाना कर दिया गया। पुलिस एवं एसएसबी की टीम द्वारा सीमा क्षेत्र में लगातार की जा रही सघन जांच से अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है। ये कार्यवाही सीमा पर पुलिस और एसएसबी की सक्रियता का उदाहरण है। एस एस बी 42वी वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर हमारे जवान मुस्तैदी से सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए चौबीसों घंटे निरंतर गस्त करते हुए पैनी नजर बनाए हुए है। कोई भी अनधिकृत व्यक्ति किसी भी कीमत पर सीमा पार नहीं कर सकता है हम ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रहे है और उसमें सफल भी दिख रहे है।

## हिस्ट्रीशीटर ने पुलिस पर की फायरिंग

**पिस्टल दिखाकर शराब के ठेके पर की थी लूट, मुठभेड़ के बाद पकड़ा**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, हरदुआगंज थाना क्षेत्र में बीते दिनों पिस्टल के दम पर देशी शराब के ठेके में लूट करने वाले आरोपी ने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी आरोपी पर फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घायल होने के बाद आरोपी ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने शराब के ठेके में लूट और दिन दहाड़े लूट की घटना को कबूल किया है। इसके अलावा आरोपी ने बीते दिनों दिन दहाड़ें महिला से भी लूट की थी और मौके से फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। हरदुआगंज में बीते दिनों हुई अपराधिक घटनाओं के बाद पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। पुलिस को मुखबिर से आरोपियों की सूचना मिली थी। जिसके बाद हरदुआगंज पुलिस और क्रिमिनल इंटेलीजेंस की टीम रात 2 बजे गुरसिकरन के पास वाहनों की जांच कर रही थी। पुलिस को एक बाइक पर तीन लोग बैठकर आते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर आरोपियों ने बाइक घुमाकर भागने की कोशिश की, लेकिन उनकी बाइक फिसल गई। जिसके बाद आरोपियों ने खुद को बचाने के लिए पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अंशुल यादव उर्फ कप्तान पुत्र राजेंद्र निवासी टुआमई थाना अकराबाद घायल हो गया। आरोपी अंशुल के घायल होने के बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके बाद हुई पूछताछ में उसने बताया कि बीते दिनों 31 अक्टूबर को उसने ही अपने साथियों के साथ मिलकर गुरसिकरन में देशी शराब के ठेके में लूट की थी। आरोपियों ने पिस्टल के दम पर लूट की थी और यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी।

## एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस




अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। अपर जिला अधिकारी सुशील कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चंद्र की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 64 शिकायत पत्र आए जिसमें राजस्व विभाग 17 पुलिस 10 समाज कल्याण 7 विकास 9 व 21 अन्य मामले आए जिसमें राजस्व के दो शिकायत पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी द्वारा सभी शिकायतों का गंभीरता से अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए इस मौके पर उप जिला अधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा तहसीलदार समेत सभी विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे

## एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने किया पुलिसकर्मियों का तबादला

**दो थाना प्रभारी गैर जनपद भेजे, नए निरीक्षक-उपनिरीक्षक को मिली जिम्मेदारी**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया। जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इस दौरान दो थाना प्रभारियों को गैर जनपद के लिए रिलीव कर दिया गया, जबकि गैर जनपद से आए एक निरीक्षक और एक उप निरीक्षक को थानों की जिम्मेदारी सौंपी गई। एसपी के आदेशानुसार, शिवरतनगंज थाना प्रभारी विवेक सिंह को इन्हौना थाने का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, सर्विलांस सेल प्रभारी दयाशंकर मिश्र को शिवरतनगंज थाने की कमान सौंपी गई है। गैर जनपद से अमेठी आए नंद हौसिला यादव को फुरसतगंज थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह, उप निरीक्षक विवेक कुमार वर्मा को बाजार शुकुल का थाना प्रभारी बनाया गया है। फुरसतगंज थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीराम पांडे को पीपरपुर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। पीपरपुर थाना प्रभारी रामराज कुशवाहा को एएचटीयू का प्रभारी बनाया गया है। डीसीआरबी प्रभारी बृजेश सिंह को सर्विलांस सेल की नई जिम्मेदारी मिली है, जबकि जन सूचना सेल के प्रभारी निरीक्षक अजयेंद्र पटेल को डीसीआरबी का प्रभारी बनाया गया है।

## संक्षेप

### बंदरों ने महिला समेत पांच लोगों को काटा

**सीकरी खुर्द मार्ग व संतपुरा कॉलोनी में हुई घटना, इलाज जारी**

गाजियाबाद, मोदीनगर में बंदरों के हमले में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। यह घटना मोदीनगर-सीकरी खुर्द मार्ग पर रेलवे फाटक और संतपुरा कॉलोनी में हुई। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।जानकारी के अनुसार, नगर की सी-लाइन कॉलोनी निवासी प्रमोद यादव मोदीनगर-सीकरी खुर्द मार्ग पर रेलवे फाटक के पास से गुजर रहे थे। तभी बंदरों के एक झुंड ने उन पर अचानक हमला कर दिया। इस हमले में प्रमोद यादव के चेहरे और हाथ पर गहरे घाव आए। इसी दौरान राजू, आदेश और दिनेश नामक तीन अन्य लोगों को भी बंदरों ने काटकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह बंदरों को भगाकर उनकी जान बचाई और सभी घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया।एक अन्य घटना में, संतपुरा कॉलोनी में अपनी छत पर टहल रही कुसुम देवी नामक महिला पर भी बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया।इस हमले में महिला के हाथ और चेहरे पर गहरे घाव हो गए। उन्हें भी तुरंत अस्पताल ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि सभी घायलों को रेबीज के इंजेक्शन लगा दिए गए हैं।

### डिप्टी सीएम के आने से पहले निगम ने पकड़े कुत्ते

**अभियान के तहत स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में सुबह ही सर्किट हाउस पहुंची टीम**

मेरठ, उप मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष पैदल यात्रा के साथ साथ अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंच रहे हैं। इससे पहले नगर निगम भी शहर की व्यवस्था बनाने में जुटा है। नगर निगम की टीम सर्किट हाउस पहुंची और कुत्ते पकड़ने का अभियान चालू कर दिया। सर्किट हाउस में लगभग रोजाना कोई न कोई जनप्रतिनिधि पहुंचता रहता है। शहर में भाजपा के दो बड़े नेता आ रहे हैं।ऐसे में कोई सर्किट हाउस आए और उनको वहां आवारा कुत्ते घूमते न मिले, इसलिए आज टीम यहां सुबह से ही सक्रिय हो गई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमर सिंह के नेतृत्व में टीम लगातार कुत्ते पकड़ रही है ।पिछले चार दिन में लगभग चालीस से पचास कुत्ते अभी तक टीम पकड़ चुकी है।हालांकि शहर में बने दो शेल्टर हाउस में 330 कुत्ते रखने की जगह है।

### टोल पर मारपीट, तोड़फोड़

**एक गिरफ्तार, तीन गाड़ियां बरामद; अन्य आरोपियों की तलाश जारी**

बागपत, बालैनी टोल प्लाजा पर टोल मांगने को लेकर कर्मचारियों से मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मेरठ निवासी भरत पुत्र संजय के रूप में हुई है। उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल की गई तीन गाड़ियां भी बरामद की गई हैं। तीन गाड़ियों में सवार होकर आए लगभग आधा दर्जन लोगों ने टोल मांगने पर टोल कर्मचारियों के साथ अभद्रता की और फिर मारपीट की।

# कुत्तों के मिट्टी खोदने पर दिखी लड़की की लाश

## प्रयागराज में हत्या कर दफनाया, सिर-चेहरे पर चोट के गहरे निशान

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, कुत्तों के मिट्टी खोदने पर जमीन में दबी लड़की की लाश दिखी। उसके सिर और चेहरे पर चोट के गहरे निशान हैं। माना जा रहा है कि हत्या करने के बाद लाश को यहां दफनाया गया था। लड़की का हाथ और आधा शरीर देखते ही घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। मिट्टी को खुदवाने के बाद लाश को निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने इलाके में आसपास लोगों से पूछताछ की। लेकिन कोई साफ जवाब नहीं दे सका। घटना शनिवार की थरवई के लखरावा गांव की है। गंगापार के थरवई स्थित लखरावा गांव में एक लड़की की लाश जमीन में दबी मिली। कुत्ते उस जगह जमीन खोद रहे थे। जानकारी मिलते ही गांव वाले दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। वहां देखा तो लड़की का एक हाथ और शरीर का कुछ हिस्सा बाहर दिख रहा था। चेहरे पर चोट के निशान के चलते उसकी पहचान नहीं हो सकी। गांव वालों की सूचना पर एसीपी चंद्रपाल सिंह थरवई पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। लाश को मिट्टी खुदवा कर बाहर निकलवाया। अधिकारियों ने लाश देखकर तीन-चार दिन पहले घटना होने की आशंका जताई है। जिस जमीन पर लड़की की लाश दफनाई गई, वह रामचंद्र यादव की बताई जा रही है। एसीपी चंद्रपाल सिंह के मुताबिक, युवती की उम्र 18 से 20 साल के बीच है। उसने हरे रंग की लैगिंग और टी शर्ट पहन रखी थी। उसके दोनों पैर दुपट्टे से बांधे गए थे। शव से दुर्गंध न आने के कारण पुलिस मान रही है कि हत्यारों ने एक दो दिन के भीतर ही यहां पर शव को ठिकाने लगाया है। गहरे जख्म होने के चलते युवती का चेहरा साफ नहीं दिख रहा था। उसके शरीर पर सूजन थी और कीड़े रेंग रहे थे। पुलिस को घटनास्थल से कुछ दूरी पर उसका स्पोर्ट शूज और मोजा भी पड़ा मिला है।

# माघ मेला के लिए रेलवे की तैयारी

## भीड़ मैनेज करने के लिए खुसरोबाग समेत कई इलाकों में होगी व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, माघ मेला के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ महाकुंभ जैसी बढ़ी तो रेलवे प्रशासन खुसरोबाग को होल्डिंग एरिया में बदल देगा। यानी संगम जाने से पहले भीड़ को यहीं रोककर संभाला जाएगा। इसके अलावा श्रद्धालुओं की आवाजाही को मैनेज करने के लिए नखास कोहना, चौक और पुरानी जीटी रोड का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। डीआरएम ऑफिस में माघ मेला की तैयारियों को लेकर रेलवे और जिला प्रशासन के अफसरों की अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने की, जबकि मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और डीएम मनीष कुमार वर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान एडीआरएम दीपक कुमार ने एक प्रेजेंटेशन देकर शहर के सभी स्टेशनों की यात्री क्षमता और होल्डिंग एरिया के बारे में जानकारी दी। रेलवे ने बताया कि मेला स्पेशल ट्रेनें इस बार ऑन डिमांड चलाई जाएंगी यानी जब जरूरत होगी तभी ट्रेन बढ़ाई जाएगी। प्रमुख स्नान पर्वों पर प्रयागराज जंक्शन पर एक तरफा प्रवेश रहेगा। सिटी साइड से ही यात्रियों को प्रवेश मिलेगा, जबकि निकासी सिविल लाइंस साइड से होगी। सिविल लाइंस साइड से एंट्री नहीं दी जाएगी। रेलवे ने ये भी कहा कि अगर साधारण दिनों में भीड़ ज्यादा होती है तो इसी तरह का एकल दिशा नियम सूबेदारगंज, नैनी और अन्य स्टेशनों पर भी लागू किया जा सकता है। प्रयागराज जंक्शन, छिवकी, रामबाग, झूसी और फाफामऊ स्टेशनों से श्रद्धालुओं के संगम पहुंचने और वापस लौटने के रास्तों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

# सड़क पर थार का 360 डिग्री स्टंट

## वीडियो सामने आने पर 57 हजार 500 का चालान, अपील यातायात नियमों का करे पालन

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, थार कार से स्टंट किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सेक्टर-128 की सड़क पर थार चालक कार को 360 डिग्री घुमाते हुए दिख रहा है। उसके पास खड़ा एक युवक रील बना रहा है। वीडियो में दिख रहा है सड़क से गुजर रहे लोग इससे डर भी रहे है। वायरल वीडियो में दिख रहे नंबर प्लेट के आधार पर ट्रैफिक पुलिस ने 57 हजार 500 रुपए का चालान किया है।



वायरल हो रहा वीडियो 22 सेकेंड का है। वीडियो में तीन काले रंग की थार है। लेकिन 360 एंगल पर एक ही कार स्टंट कर रही है। चालान के बाद स्टंट कर रहे इन युवक और कार की तलाश भी की जा रही है। इसको सीज किया जाएगा। दरअसल इस समय नोएडा में हाईअलर्ट है। ऐसे में मुख्य सड़क पर इस तरह का स्टंट चौकाने वाला है। बता दे नोएडा में वाहनों से इस तरह के स्टंट पहले भी होते रहे है। जिसमें ट्रैफिक पुलिस ने चालान और एक्शन भी लिया है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वो यातायात नियमों का पालन करे।

# इस्लाम पर श्वेत पत्र, हिन्दुओं को हथियार देने की मांग

## सत्य सनातन रक्षक दल ने कहा, भाजपा ने मुसलमानों को मजबूत किया

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, सत्य सनातन रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चहन सिंह बलियान ने प्रधानमंत्री से इस्लाम पर श्वेत पत्र जारी करने और हिन्दुओं को अमेरिका की तर्ज पर स्वचालित हथियार खरीदने की अनुमति देने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पिछले 11 वर्षों में मुसलमानों को पिछली 70 वर्षों की सरकारों से भी अधिक मजबूत किया है। बलियान ने कहा कि श्वेत पत्र से यह पता चलना चाहिए कि देश में कितने मुसलमान रहते हैं और कितने मोहम्मद व कुरान पर विश्वास करते हैं। उन्होंने देश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों और बम विस्फोटों के लिए मुसलमानों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां आम नागरिकों को स्वचालित हथियार खरीदने की अनुमति है। इसी तर्ज पर भारत में भी हिन्दुओं को स्वचालित हथियार खरीदने का अधिकार दिया जाना चाहिए और इस संबंध में कानून भी बनाया जाना चाहिए। बलियान ने आरोप लगाया कि देवबंद, दारुल उलूम और दिल्ली मरकज जैसे संगठन आतंकवाद के अड्डे हैं और देश में आतंकवाद फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे संगठन केवल भारत में सक्रिय हैं, जबकि अन्य किसी देश में नहीं। उन्होंने इन संगठनों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने और इनकी जांच आईबी या सीबीआई से कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश में आए दिन हिन्दुओं की हत्याएं हो रही हैं, लेकिन सरकार कार्रवाई करने को तैयार नहीं है।

# नफीस हत्याकांड में एक आरोपी गिरफ्तार

## बागपत में कब्रिस्तान से लौटते वक्त हुई थी हत्या, अन्य की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार

बागपत, नफीस हत्याकांड के एक आरोपी मोहसिन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नफीस की हत्या शहर कोतवाली क्षेत्र के पुराने कस्बे में कब्रिस्तान से लौटते समय की गई थी। पुलिस ने अरमान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नफीस सहारनपुर में रहता था और अपनी मां के जनाजे में शामिल होने के लिए बागपत पहुंचा था। कब्रिस्तान से लौटते वक्त उस पर हमला किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। नफीस के भाई ने बताया कि नफीस ने अपने चचेरे भाई की पत्नी से शादी की थी और इसी वजह से वह सहारनपुर में रह रहा था। यह शादी ही हत्या की वजह बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# युवक पर दबंगों का हमला

**अभद्र टिप्पणी और गाली-गलौज की शिकायत दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, शहर कोतवाली क्षेत्र के निवाड़ा गांव में एक युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने कुछ लोगों पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना सुबह की बताई जा रही है। युवक ने पुलिस को बताया कि सुबह वह अपने घर के बाहर गली से जा रहा था। तभी वहां बैठे कुछ लोगों ने उसे देखकर अभद्र टिप्पणी करनी शुरू कर दी। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया और उन्हें शांत रहने को कहा, तो आरोपी भड़क गए और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के अनुसार, जब उसने वहां से निकलने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक ने अपनी शिकायत में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उसने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी इलाके में अक्सर उत्पात मचाते हैं और राहगीरों से दुर्व्यवहार करते हैं। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी शिकायतें दर्ज हुई हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है और मामले की जांच की जा रही है। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस के अनुसार, दोषी पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पुलिस ने गांव में गश्त बढ़ा दी है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। पीड़ित परिवार ने अपनी सुरक्षा की मांग की है।

# किसान बोले- भ्रष्ट है तहसील के अधिकारी

## सरकारी जमीन पर कब्जे के विरोध में अनिश्चितकालीन धरने पर भाकियू कार्यकर्ता

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, सदर तहसील के गांव पांचली में 20 बीघा सरकारी जमीन को तहसील के अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से विद्या कॉलेज के प्रदीप जैन के नाम करने के आरोप में भाकियू इंडिया के कार्यकताओं का अनिश्चितकालीन धरना तहसील परिसर में जारी है।

उनका कहना है कि जब तक हमारी शिकायत पर ठोस कार्रवाई शुरू नहीं होती है हमारा धरना जारी रहेगा। भाकियू इंडिया के युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद विकल ने बताया कि हमने अपनी 12 बिंदुओं का एक मांग पत्र तहसील अधिकारियों को सौंपा है। लेकिन हमारे उन बिंदुओं पर ये जांच करने को राजी नहीं है। हमारी मांग ये है कि इनपर जांच होनी चाहिए और जांच में अगर यह पाया जाता है कि जमीन पर जिसका कब्जा है वह दोषी है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। आनंद विकल ने आरोप लगाया कि तहसील अधिकारी उस पूंजीपति जिसने कब्जा किया है उससे मिले हुए है। हमारे पास जो नायब वार्ता के लिए आए थे वह भी बिना किसी जांच और कागज के हमारे बीच पहुंचे ऐसे में प्रबंधन सिर्फ अपनी गलती को छिपाने का काम कर रहा है। किसानों द्वारा सदर तहसील में एसडीएम ऑफिस के सामने ही कढ़ाई चढ़ाकर खाना बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि हम किसी व्यक्ति विशेष या अपनी समस्या को नहीं बल्कि सरकारी संपत्ति पर कब्जे की समस्या लेकर आए हैं जिसका समाधान कराने के बाद ही हम यहां से उठेंगे। किसानों ने कहा कि मुख्यमंत्री मंच से भी यह घोषणा करते हैं कि सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों पर बुलडोजर की कार्रवाई की जाएगी। हम ये पूछना चाहते हैं कि क्या सिर्फ असलिए कि वह लोग भाजपा से जुड़े है तो उनपर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

हाईकोर्ट का भी आदेश है कि ऐसी भूमि को 15 दिन में कब्जा मुक्त किया जाना चाहिए इसके बाद भी तहसील अधिकारी मौन हैं।

# मिष्ठान विक्रेता से साइबर ठगी

## पुलिसकर्मी बनकर 60 हजार रुपए उड़ाए, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा, दनकौर कस्बे में एक मिष्ठान विक्रेता साइबर ठगी का शिकार हो गया। एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर पीड़ित से करीब 60 हजार रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ललित सैनी ने तुरंत दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। ललित सैनी के मुताबिक, आरोपी ने फोन पर संपर्क कर लगभग 6 हजार रुपए के मिष्ठान का ऑर्डर दिया और ऑनलाइन भुगतान की बात कही। भुगतान के दौरान तकनीकी समस्या का बहाना बनाकर आरोपी ने उसे झांसे में लिया और खाते से करीब 60 हजार रुपए निकाल लिए। जब ललित ने दोबारा संपर्क करना चाहा तो आरोपी का मोबाइल बंद मिला। साइबर सेल प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि यह मामला साइबर ठगी का प्रतीत होता है, जिसमें आरोपी ने पुलिसकर्मी बनकर पीड़ित का विश्वास जीता। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि किसी अनजान व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन भुगतान या बैंक जानकारी मांगे जाने पर सावधानी बरतें और संदिग्ध कॉल या संदेश की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

# दिल्ली बम ब्लास्टः कांग्रेसियों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

## बुलंदशहर में कैंडल मार्च निकालकर दोषियों को फांसी की मांग

अमन लेखनी समाचार




बुलंदशहर, दिल्ली में हुए बम धमाके के मृतकों को श्रद्धांजलि देने और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ बुलंदशहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कैंडल मार्च निकाला। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में यह कैंडल मार्च मलका पार्क से शुरू होकर काला आम चौराहे तक शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। कांग्रेसियों ने शोक सभा आयोजित कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने दिल्ली बम धमाके की कड़ी निंदा की। उन्होंने दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। इस घटना के संदर्भ में सरकार की खुफिया एजेंसियों की नाकामी पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि देश की जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और ऐसी घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था की विफलता को उजागर करती हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से दोषियों को तुरंत पकड़कर कठोरतम सजा सुनिश्चित करने तथा खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। जियाउर्रहमान ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें चुनाव की चिंता छोड़कर देश की सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेसियों ने मोमबत्तियाँ जलाकर शांति, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, शहर अध्यक्ष रवि लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश भाटी, सुभाष गांधी, साजिद गाजी, नईम मंसूरी, डॉ एसडी शर्मा, शकील अहमद, आदेश मुद्गल, आदर्शदेव शर्मा, मनीष चतुर्वेदी, सलीमुद्दीन गौहर, सचिन वशिष्ठ, आशु कुरैशी, रहमत अली, कुंवर आदिल, नवेद और मजहर अली सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बच्ची के प्राइवेट पार्ट पर चाची ने केमिकल डाला

**मेरठ की घटना पर महिला आयोग सख्त, बबिता चौहान बोलीं- आरोपी पर कार्रवाई हो**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, जानी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के निजी अंगों पर केमिकल डालने का मामला राज्य महिला आयोग तक पहुंच गया है। मेरठ पहुंचीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने इस घटना का संज्ञान लिया। उन्होंने आरोपी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। किशोरी के परिजनों ने सिटी फॉरेस्ट में जनसुनवाई के दौरान अध्यक्ष से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। आयोग की अध्यक्ष ने जनसुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि आरोपी महिला और उसके रिश्तेदार के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, पीड़िता को हर संभव सुरक्षा प्रदान की जाए। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि किशोरी और महिलाओं से संबंधित संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाना चाहिए, ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने पीड़िता को मानसिक रूप से मजबूत रहने की सलाह दी और आश्वासन दिया कि आयोग स्वयं इस मामले की निगरानी करेगा। अधिकारियों को चेतावनी देते हुए अध्यक्ष ने कहा कि यदि शिकायतों पर कार्रवाई में ढिलाई बरती गई, तो जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद, अध्यक्ष ने मेरठ के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं के एक कार्यक्रम में भाग लिया। यहां उन्होंने बेटियों को आत्मनिर्भर बनने, गलत घटनाओं का विरोध करने और साहस के साथ अपनी बात रखने का संदेश दिया। यह पूरा मामला अब आयोग की निगरानी में है, और दोषियों के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई तथा पीड़िता को न्याय मिलने की उम्मीद है।

## देश को स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने बलिदान से सींचा है उसके कोई टुकड़े नहीं कर सकता : रानू सिंह

**अमन लेखनी समाचार**

हरपालपुर,हरदोई ।हरपालपुर कस्बे से लेकर पलिया गांव तक सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती पर शनिवार को हरपालपुर कस्बे से पलिया गांव तक चार किलोमीटर विधानसभा स्तरीय एकता पदयात्रा निकाली गई ।जिसमें क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों से लेकर इंटर कॉलेजो के चार हजार से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। बेसिक शिक्षा के विद्यार्थियों ने दो किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाई ।मुख्य अतिथि शिक्षक क्षेत्र से एमएलसी उमेश द्विवेदी ने पलिया गांव में आयोजित जनसभा में कहा सरदार पटेल ने अंग्रेजों के खिलाफ पूरे देश में घूम कर 562 रियासतों को इकट्ठा करके ऐतिहासिक काम किया है ।कांग्रेस सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि वह समाज व राष्ट्र का का भला नहीं कर सकते ।विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि तमाम राजनीतिक दल एक तरीके की बात करते हैं ।देश खतरे में है ।जिस देश को स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने बलिदान से सींचा है ।उसके कोई टुकड़े नहीं कर सकता। एकता यात्रा में हिंदू मुस्लिम तहजीब देखने को मिली। कस्बे में बड़ी संख्या में मुस्लिमो ने एकता यात्रा पर पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र रही ।वही भभूतीपुरवा गांव के पास मलौथा के पूर्व प्रधान सौरभ मिश्रा सिप्पी ने बुलडोजर से यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा की ।इस मौके पर सांसद जयप्रकाश भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, ब्लॉक प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी, राजेश अग्निहोत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख सांडी अनिल राजपूत, हरपालपुर ब्लाक प्रमुख अनोखेलाल कश्यप, प्रधान संघ अध्यक्ष भारती सिंह,सांडी प्रधान संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, प्रीतेश दीक्षित,संतराम यादव विधायक प्रतिनिधि डा० रजनीश त्रिपाठी ने किया।

# छूटे पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करें और उन्हें पात्रता के आधार पर सभी कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करायें-जिलाधिकारी

## पुलिस बल के सहयोग से समस्त अवैध भूमि के कब्जे खाली करायें-अनुनय झा

**शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंबग, अपराधी, आराजक व आसामाजिक तत्वों की प्रत्येक दिन की गतिविधियों की जानकारी रखें –अशोक कुमार मीण्डा**

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में तहसील शाहाबाद सभागार में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में भारत एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से छूटे पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करें और उन्हें पात्रता के आधार पर सभी कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशानुसार पीड़ितों को न्याय एवं गरीबों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ प्रातः 10 से 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर विभाग से संबंधित शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों की शिकायत ध्यान से पढ़े और शिकायत का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक ससमय निस्तारण करायें ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में सरकारी तथा गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिये भूमि पर अवैध कब्जों के संबंध में प्राप्त सभी शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों की उपस्थित में पुलिस बल के सहयोग से समस्त अवैध भूमि के कब्जे खाली कराये और भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्व एफआईआर दर्ज कराकर कड़ी कार्यवाही करायें। इस अवसर पर राशन वितरण में अनियमितताओं की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति से कहा कि नोडल अधिकारियों की उपस्थित में राशन वितरण करायें और राशन वितरण में अनियमितता बरतने वाले कोटेदारों पर कठोर कार्यवाही करें। विद्युत विभाग की शिकायतों पर डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत उपभोक्ताओं के फोन अनिवार्य रूप से उठाये और प्राप्त शिकायत का त्वरित निस्तारण का प्रयास करें तथा समस्त क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति करायें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंबग, अपराधी, आराजक व आसामाजिक तत्वों की प्रत्येक दिन की गतिविधियों की जानकारी क्षेत्र के चौकीदार एवं बीट सिपाहियों से लें और रात्रि गस्त बढ़ायें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी भावनाथ पाण्डे, डीएफओ, उप जिलाधिकारी व तहसीलदार शाहाबाद, जिला विकास अधिकारी, पीडी , ईओ, बीडीओ, सीडीपीओ, सीओ, थानाध्यक्ष सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी भारी संख्या में फरियादी उपस्थित रहें।

## रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर 'सोल स्ट्रोक्स' राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का शुभारंभ



**अमन लेखनी समाचार**

झांसी। राजकीय संग्रहालय में मणिकर्णिका आर्ट गैलरी द्वारा आयोजित 'सोल स्ट्रोक्स-नेशनल ग्रुप आर्ट एग्ज़िबिशन' का शुभारंभ शनिवार को दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. मनोज कुमार गौतम, वरिष्ठ कलाकार किशन सोनी और अपर्णा दुबे मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने प्रदर्शनी को कला और संवेदनाओं की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति बताते हुए कलाकारों की सराहना की। प्रदर्शनी में झांसी सहित उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, ओडिशा, मध्य प्रदेश व उत्तराखंड के कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कामिनी बघेल ने किया और सभी अतिथियों व कलाकारों का आभार व्यक्त किया। प्रदर्शनी 16 नवंबर को सुबह 11 से शाम 6 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

# थानाध्यक्ष के घर 35 लाख की ज्वेलरी चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

## तीन महिलाएं-एक पुरुष गिरफ्तार,पांच बच्चे संरक्षण में

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई ।जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में थानाध्यक्ष के सरकारी आवास से हुई करीब 35 लाख रुपये की ज्वेलरी चोरी की वारदात का पुलिस ने महज छह दिनों में सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया। पुलिस ने तीन महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है,जबकि पांच बाल अपचारियों को संरक्षण में लिया गया है ।आरोपियों के पास से चोरी की बड़ी तादात में ज्वेलरी बरामद कर ली गई है। गिरफ्तार महिलाएं कबाड़ बीनने का काम करती थीं और बच्चों की मदद से तालाबंद मकानों की रेकी करवाती थीं,फिर वारदात को अंजाम देती थीं ।घटना 9 नवंबर की है। सवायजपुर थाने के थानाध्यक्ष उप निरीक्षक प्रिंस कुमार शीतकालीन वर्दी लेने पुलिस लाइन स्थित अपने राजकीय आवास पर पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है ।अंदर जाकर पता चला कि उनकी शादी में माता-पिता द्वारा दिए गए करीब 20 लाख रुपये के सोने के आभूषण और पत्नी को उपहार में मिले लगभग 15 लाख रुपये के आभूषण गायब हैं ।थानाध्यक्ष ने 11 नवंबर को कोतवाली शहर में तहरीर दी,जिस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई ।पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सफल अनावरण के लिए कोतवाली शहर पुलिस के साथ स्वाट एवं सर्विलांस टीम को लगाया ।टीम ने सीसीटीवी फुटेज, वैज्ञानिक साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह तक पहुंच बनाई। पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान पता चला कि आरोपी महिलाएं कबाड़ बीनने के बहाने इलाके में घूमती थीं ।वे बच्चों से तालाबंद मकानों की रेकी करवाती थीं ।बच्चे घर में घुसकर सामान की लोकेशन देखते, फिर महिलाएं बच्चों की मदद से दरवाजा खुलवाकर अंदर दाखिल होतीं और चोरी कर फरार हो जातीं थी ।थानाध्यक्ष के घर में भी यही तरीका अपनाया गया ।पुलिस ने छापेमारी कर ज्योति पत्नी अरविंद, कल्पना पत्नी विनोद निवासी प्रगति नगर,कोतवाली देहात,लक्ष्मी पत्नी राजेश,निवासी जिप्सनगंज पुल के निकट और धीरेंद्र उर्फ धीरू पुत्र अनिल, निवासी रेलवेगंज पुरानी गल्लामंडी, कोतवाली शहर को गिरफ्तार किया ।पांच बाल अपचारियों को भी संरक्षण में लिया गया ।आरोपियों के कब्जे से एक गले का हार, एक मंगलसूत्र, आठ अंगूठियां, दो गले की चेन,एक मांग टीका, चार जोड़ी पायल, एक जोड़ी कान के झुमके और एक जोड़ी टॉप्स बरामद हुए ।पुलिस गिरफ्तार महिलाओं और पुरुष को जेल भेजने की तैयारी में जुटी है।

## सरकारी पेड़ों का अवैध कटान जारी, वन विभाग बेखबर

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोईः जिले में लकड़कट्टों का आतंक बढ़ता जा रहा है, और सरकारी संपदा के साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी अंजान बने हुए हैं ।माधौगंज थाना क्षेत्र के कुरसठ गांव में, श्री रणजीत सिंह इंटर कॉलेज के पास सिंचाई माइनर के किनारे लगे एक सरकारी आम के पेड़ का अवैध कटान कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, लकड़ी ठेकेदार अमरीश ने बिना किसी परमिट के शुक्रवार सुबह इस पेड़ को काटा। इस मामले पर रेंजर शिवकुमार ने घटना से अनभिज्ञता जाहिर करते हुए जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है ।वहीं, बघौली थाना क्षेत्र के राव बहादुर इलाके में भी हरे-भरे नीम के पेड़ों पर बेखौफ लकड़कट्टों द्वारा आरा चलाने की शिकायत सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग और अधिकारी मिलीभगत कर अवैध कटान को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे सरकार के पर्यावरण संरक्षण के प्रयास कमजोर पड़ रहे हैं। अधिकारियों की यह निष्क्रियता पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन गई है।

## पिहानी में निकली भव्य श्री श्याम निशान यात्रा; 21 नवंबर को होगा संकीर्तन

पिहानी,हरदोई ।कस्बे में आज भव्य श्री श्याम निशान यात्रा निकाली जा रही है। इस धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में श्याम भक्त हाथों में निशान (पताका) लिए हुए पूरे कस्बे का भ्रमण कर रहे हैं ।यात्रा के बाद, आगामी 21 नवंबर, शुक्रवार को श्री खाटू श्याम जी का विशाल संकीर्तन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत, यह निशान यात्रा कमेटी के सदस्यों में भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता रामदास कटियार पिंटू गुप्ता विधायक प्रतिनिधि पिहानी नगर विपिन मिश्रा धीरज गुप्ता दुर्गेश पांडे अखिलेश बाजपेई और चौकी प्रभारी राजेश कुमार सिंह प्रफुल्ल यादव गर्वित सिंह की निगरानी में निकाली गई।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली गरौठा का किया वार्षिक निरीक्षण




**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा। शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी बीबीजीटीएस मूर्ति ने कोतवाली गरौठा का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले गार्ड सलामी ली और उसके बाद थाना परिसर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया। एसएसपी ने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, शस्त्रागार, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, आगंतुक कक्ष, मेस एवं आरक्षी बैरकों की बारीकी से जांच की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को अभिलेखों को अद्यावधिक एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए ।निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना क्षेत्र में घटित अपराधों तथा उनसे संबंधित की गई कार्यवाही की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने क्षेत्र के सभी ग्रामों में तैनात ग्राम प्रहरियों से भी मुलाकात कर स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था एवं परिस्थितियों की जानकारी ली ।आगामी शीत ऋतु को देखते हुए ग्राम प्रहरियों को गरम शॉल और टॉर्च वितरित करते हुए एसएसपी ने रात्रि गश्त बढ़ाने तथा सतर्क रहने के निर्देश दिए। साथ ही, सूचनाओं के त्वरित आदानझ्प्रदान पर भी विशेष बल दिया ।महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया और शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण हो तथा प्रत्येक मामले में शिकायतकर्ता से फीडबैक अनिवार्य रूप से प्राप्त किया जाए। सर्दियों में चोरी, नकबजनी और लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए एसएसपी ने सक्रिय पुलिसिंग, बीट आरक्षियों द्वारा नियमित भ्रमण, सूचनाओं के संकलन तथा भूमि/संपत्ति विवादों में तुरंत निरोधात्मक कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए ।उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब व अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर कठोर अंकुश लगाया जाए ।निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी गरौठा असमा वकार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हरदोई के विवादित बीएसए वीपी सिंह का आखिरकार तबादला!

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई में भ्रष्टाचार से परिपूर्ण कार्यशैली के लिए चर्चित बेसिक शिक्षा अधिकारी वीपी सिंह को आखिरकार रिलीव होना पड़ा। तमाम गंभीर शिकायतों के बाद पहले भी इनका तबादला किया गया था, लेकिन पूर्वांचल के एक स्वजातीय मंत्री के विशेष हस्तक्षेप के कारण तबादला निरस्त हो गया था ।तबादला निरस्त होते ही, बीएसए साहब कथित तौर पर ₹20-20 क्रिकेट की तरह खुलकर बैटिंग₹करने लगे थे ।लेकिन, जब मध्यांचल के जिले हरदोई की एक मंत्री के पास लंबी-चौड़ी शिकायतें पहुंची, तो उनका पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया। मंत्री ने तत्काल बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री को इस भ्रष्ट अधिकारी को जिले से हटाने के लिए कहा ।नतीजा यह हुआ कि भ्रष्टाचार से परिपूर्ण विवादित कार्यशैली के लिए चर्चित बीएसए वीपी सिंह का तबादला आदेश दोबारा आ गया। ?इस बार बीएसए साहब ने तबादला निरस्त करवाने या मनपसंद जिले में बदलवाने के लिए स्वजातीय मंत्री के दरबार में जी-तोड़ कोशिश की और शासन स्तर पर भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को बदलवाने की नाकाम कोशिश भी की ।मगर, अपनी साफ-सुथरी और निर्विवादित कार्यशैली के लिए चर्चित हरदोई की राज्य मंत्री की नाराजगी के चलते उनकी कोई कोशिश काम नहीं आई, और उन्हें अपना बोरिया बिस्तर समेटकर हरदोई से नई तैनाती स्थल के लिए जाना ही पड़ा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**54 प्रार्थना पत्रों में से एक का हुआ मौके पर निस्तारण**

**अमन लेखनी समाचार**




गरौठा। माह के तृतीय शनिवार को तहसील सभागार गरौठा में जिलाधिकारी झांसी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता तथा एसएसपी झांसी बी.बी.जी.टी.एस मूर्ति की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के आने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए तहसील पहुंचे। अधिकारियों ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 42, पुलिस विभाग के 2, नगर पालिका का 1, विकास संबंधी 2 तथा अन्य श्रेणी के 7 प्रार्थना पत्रों सहित कुल 54 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से एक प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान किसान यूनियन एवं लेखपाल संघ के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को अलग से ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी ने शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आसमा वकार, वन क्षेत्राधिकारी बामौर अवधेश प्रताप बुंदेला, खंड विकास अधिकारी बामौर गौरव कुमार, उप खंड विकास अधिकारी बाबू सिंह, आपूर्ति निरीक्षक रविंद्र कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गरौठा विनय साहू, थाना प्रभारी निरीक्षक ककरवई सुरजीत सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक गुरसरांय अमीराम सहित बिजली, जल, स्वास्थ्य, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पल्हारी विद्यालय में बच्चों ने लगाया बाल मेला

**–डॉ बृजेश महादेव के नेतृत्व में पल्हारी विद्यालय पर 2003 से ही बाल मेले का आयोजन किया जा रहा है**

**–पल्हारी नगवां सोनभद्र से शुरू डॉ बृजेश का नवाचार बाल मेला प्रदेश भर में लगा।**

**–डॉ बृजेश महादेव के कई नवाचार प्रदेश स्तर पर संचालित है।**




**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी नगवां सोनभद्र में बाल दिवस के अवसर पर धुमधाम से बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से गेंद से बोतल पर निशाना लगाना, दौड़ लगाना, मेढक रेस, धागे पर लटकी टॉफी उचक कर खाना आदि कार्यक्रम विशेष रहा। साथ ही कविता/कहानी सुनाना, वस्तुओं को छोटे से बड़े के क्रम में जमा कर दिखाना, अलग-अलग आकृतियों को छांटना एवं चित्र को जोड़ना, जमीन पर बिछाई गई रस्सी पर चलना चित्र बनाना एवं चित्र में रंग भरवाना, मिट्टी से खिलौने बनवाना,चित्र में रंगीन कागज के टुकड़े चिपकाना एवं विभिन्न प्रकार की आकृतियां बनाना, कला प्रतियोगिता, समूहगान इत्यादि गतिविधियां करायी गई। इस अवसर पर डॉ बृजेश महादेव ने कहा कि बाल मेला यानी बच्चों का मेला होता है, जो शैक्षिक और मनोरंजक गतिविधियों को जोड़ता है। इसका उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा और कौशल को निखारना, उन्हें व्यावहारिक गुण सिखाना है। ऐसे मेलों में बच्चे खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खाने-पीने की दुकानें लगाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हैं और आनंद उठाते हैं। डॉ महादेव ने बताया कि मेरे प्रयास से पल्हारी में बाल मेला 2003-4 से ही बच्चों द्वारा लगाया जा रहा है कुछ व्यवधानों के साथ यह 2016-17 तक अनवरत चला ।डॉ बृजेश महादेव का यह नवाचार अब प्रदेश भर में लागू हो गया जो जनपद के लिए गौरव की बात है। डॉ बृजेश महादेव का स्मार्ट क्लास, कैंप क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, कंपोजिट क्लास, आईसीटी लैब, वार्षिकोत्सव, हरियाली आंदोलन इको क्लब, स्काउटिंग पत्रिका प्रकाशन आदि अन्य कई नवाचार प्रदेश भर में संचालित है।

## महीनों से दाखिल खारिज निस्तारण के लिए लम्बित पड़ी फाइलें बनी जन के जी का जंजाल

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद (हरदोई): तहसील क्षेत्रांतर्गत राजस्व विभाग और तहसील में दाखिलझ्खारिज मामलों के निस्तारण में लगातार हो रही देरी से आम जनता परेशान है। भूमि अभिलेखों के अद्यतन में महत्वपूर्ण माने जाने वाले इन मामलों में कई लोग महीनों से आदेश का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन फाइलें आगे बढ़ने का नाम नहीं ले रही हैं। सूत्रों के अनुसार, बड़ी संख्या में आवेदक शिकायत कर रहे हैं कि उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए हैं, फिर भी प्रवेश पुस्तिका (खाताझ्खतौनी) में नाम दर्ज करने की प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं की जा रही। कई मामलों में रिपोर्टिंग, सुनवाई या जांच के नाम पर बार-बार तारीख बढ़ाई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि स्टाफ की कमी, डिजिटल रिकॉर्ड अपडेट में तकनीकी दिक्कतें और लंबित मामलों की बड़ी संख्या देरी के प्रमुख कारण हैं। हालांकि आवेदकों का आरोप है कि कई स्थानों पर अधिकारियों की लापरवाही और अनावश्यक प्रक्रियाएँ भी निस्तारण को धीमा कर रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि दाखिलझ्खारिज में देरी न सिर्फ भूमि स्वामित्व से जुड़े लेनझ्देन को प्रभावित करती है, बल्कि ऋण, मुआवजा, सरकारी योजनाओं और संपत्ति विवाद जैसे मामलों पर भी इसका सीधा असर पड़ता है। प्रशासन ने दावा किया है कि लंबित मामलों को प्राथमिकता पर निपटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, लेकिन फिलहाल आवेदकों को जल्द राहत मिलने के आसार कम दिखाई दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि समय पर दाखिल खारिज न होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार बार तहसील के चक्कर लगाने के साथ ही संबंधित का पैसा और धन जाया करने की विवशता बनी हुई है। तारीख पर तारीख मिलने से लोग अजीज हो चुके हैं और नतीजा ढाक के तीन पात ही नजर आ रहा । जनपद के आल अधिकारियों के भी जान पर जूं तक नहीं रेंगती जिससे लोगों की परेशानियों दूर हो सके।

## भाकियू टिकैत की मासिक बैठक में किसानों ने सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन

**समस्याओं के जल्द निराकरण का भरोसा**

**अमन लेखनी समाचार**

बिलग्राम,हरदोई। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) टिकैत संगठन की मासिक बैठक शनिवार को तहसील प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चार सूत्रीय ज्ञापन संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी एन. राम को सौंपा गया। उपजिलाधिकारी ने सभी मांगों को ध्यान से सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया ।ज्ञापन में पहली मांग गांव पुसेड़ा की प्राइमरी पाठशाला के पास बंद पड़ी पुलिया की सफाई कर उसे दुरुस्त कराने की थी। दूसरी मांग दुगार्गंज के मजरा सरौना में बिजली की जर्जर तारों को बदलवाने की उठाई गई, ताकि किसी दुर्घटना से बचा जा सके। तीसरी और चौथी मांग बिलग्राम क्षेत्र के बडनपुर गांव से जुड़ी थीं। यहां संपर्क मार्ग पर ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से घूरे डालने से राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। साथ ही, रामआसरे के मकान से पंचायत घर तक का खडंजा पूरी तरह उखड़ चुका है, जिससे जलभराव की गंभीर समस्या पैदा हो गई है। किसानों ने इन सभी मुद्दों को तत्काल ठीक कराने की गुहार लगाई ।बैठक में भाकियू तहसील अध्यक्ष शिवकुमार बाजपेयी, बेचेलाल, शिवपाल, विश्राम सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। उपजिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई का वादा किया।

## पुलिस ने अवैध बोल्डर परिवहन करता हाईवा पकड़ा,सीज

**अमन लेखनी समाचार**

बीजपुर (सोनभद्र) अन्तर राजीय स्तर पर मध्य प्रदेश से यूपी में गिट्टी, बालू, बोल्डर आदि का बीना परमिट, ईटीपी व वैध कागजात के बिना लोग रेकी कर सप्लाई धड़ल्ले से जारी हो रहा है। मध्यप्रदेश से सटा बीजपुर थाना क्षेत्र का सीमा में कुछ दूरी होने के कारण लोग परमिट सहीत अन्य कागजातो में हेराफेरी कर खेल को अंजाम देने में लगे है। जरूरत पड़ने पर विभिन्न क्रेसर प्लांटो व बालू खदानों से कागजात बनवा कर लोग कंपनियों में भुगतान करा लेते है। बृहस्पतिवार को बीजपुर पुलिस गस्त के दौरान प्र0नि0 नरेन्द्र कुमार सिंह मय हमराह हे0का0 भानू प्रताप यादव मय प्राइवेट वाहन व चालक प्राइवेट चालक के बिनावर देखभाल क्षेत्र व यातायात माह के दृष्टिगत संदिग्ध वाहन/ व्यक्तियों व अबैध खनन हेतु थाना क्षेत्र कस्बा बीजपुर में मामूर था जरीये मुखवीर सूचना मिली कि एक वाहन जरहां की ओर से अवैध खनन कर पत्थर का टुकड़ा लादकर आ रहा है । यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है मुखबीर की बातों पर विश्वास कर हम पुलिस वाले कस्बा बीजपुर से डोडहर तिराहा पर पहुचे थे। कि एक वाहन उधर आता हुआ दिखाई दिया रोककर वाहन को चेक किया गया तो ओभर लोड़ पत्थर का टुकड़ा लदा था चालक से परमिट व वाहन का कागजात मांगा गया तो नही दिखाया।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# अक्षय ने बजाई बांसुरी डांस करती दिखीं दिशा

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म 'वेलकम टू द जंगल'की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म के सेट से अक्षय कुमार और को-स्टार्स का एक वीडियो वायरल है, जिसमें सभी डांस रिहर्सल कर रहे हैं। इस मौके पर अक्षय कुमार काफी मस्ती के मूड में दिखे। वह बांसुरी हाथ में लिए नजर आए। बांसुरी बजाने की रिहर्सल भी करते दिखे। अक्षय के अलावा वीडियो में परेश रावल, सुनील शेट्टी, जॉनी लीवर, तुषार कपूर और दिशा पाटनी जैसे सेलेब्स नजर आ रहे हैं। सभी मस्ती भरे अंदाज में डांस की प्रैक्टिस करते दिख रहे हैं। अक्षय ने जहां बांसुरी बजाई। वहीं, अरशद वासरी ड्रम बजाते दिखे। साथ ही दिशा पाटनी डांस करती नजर आईं। परेश रावल, सुनील शेट्टी, जॉनी लीवर भी इस प्रैक्टिस में शामिल होकर काफी एंज्वॉय कर रहे हैं। फिल्म सेट पर ही अक्षय मस्ती-मजाक नहीं करते हैं।

## लाइफ Style

# स्वरा कोई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता


स्वरा भास्कर ने दो साल पहले फहाद अहमद से शादी की। वह अपनी शादीशुदा लाइफ को एन्जॉय कर रही हैं। इस बीच उन्होंने रियलिटी शो 'पति, पत्नी और पंगा' में बतौर फहाद संग पार्टिसिपेट किया। अब उन्होंने रिश्तों के बारे में बात की और कहा कि कोई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

स्वरा भास्कर ने पॉलिटिशियन फहाद अहमद से साल 2023 में शादी की। पति के साथ टीवी रियलिटी शो 'पति, पत्नी और पंगा' में पार्टिसिपेट किया। इस शो का फिनाले 16 नवंबर को है। स्वरा ने कहा कि टीवी और रियलिटी शो की दुनिया में कई बार हम सिर्फ मनोरंजन के लिए कुछ देखते हैं, लेकिन कभी-कभी वही एक्सपीरिएंस हमारे जीवन को गहराई से बदल देता है। उन्होंने कहा कि कोई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता है। रिश्ते बनाने के लिए पैशेंस चाहिए होता है। स्वरा भास्कर ने बातचीत में बताया कि यह शो उनके दिल के बहुत करीब हो गया है। उन्होंने कहा, 'जब मैंने शो के लिए हां कहा था, तो मुझे लगा कि यह सिर्फ मनोरंजन होगा। लेकिन, शो के दौरान एहसास हुआ कि यह अनुभव असली और भावनाओं से भरा हुआ है। इस शो ने मेरा रिश्ते को देखने का नजरिया बदल दिया और मुझे पति के साथ अपने संबंधों को गहराई से समझने का मौका मिला।' स्वरा भास्कर ने बताया, मैंने शो से समझा कि कोई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता। रिश्ते को बनाए रखने के लिए प्यार और धैर्य जरूरी होते हैं। यह शो प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं था, बल्कि एक-दूसरे के साथ संबंध मजबूत करने के बारे में था।' स्वरा भास्कर ने सेट के माहौल के बारे में बताया कि वहां की एनर्जी बहुत उत्साह और भावनाओं से भरी हुई थी। सभी कपल्स बहुत ईमानदार और असली थे।



## हॉलीवुड मसाला



# कार्डी बी ने दिया बेटे को जन्म

**लॉस एंजिल्स।** कार्डी बी ने अपने जीवन का नया अध्याय शुरू किया है, जिसमें संगीत, प्यार और अब परिवार में एक नन्हा मेहमान भी शामिल हो गया है। 33 साल की रैपर कार्डी बी चार बच्चों की मां बन गई हैं। उन्होंने अपने चौथे बच्चे, एक बेटे, को जन्म दिया है, जिसकी पुष्टि उनके प्रतिनिधि ने की। प्रतिनिधि ने बताया कि कार्डी स्वस्थ और खुश हैं। यह बच्चा उनके प्रेमी, एनएफएल स्टार स्टीफन डिग्स के साथ उनका पहला बच्चा है। कार्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इस खुशखबरी की घोषणा की, जिसमें वह अपने नए एल्बम 'एम आई द ड्रामा?' के गाने 'हैलो' पर लिप-सिंक कर रही थीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि यह नया दौर उनके लिए चुनौतीपूर्ण, लेकिन बहुत खास रहा।



# करोड़ों रुपए खर्च किए, फिर डिलीट कर दिया सीन

**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी उन फिल्मी सीन के बारे में सोचा है जो एडिटिंग टेबल से आगे नहीं बढ़ पाते? हालांकि कई सीन को स्पीड या क्रिएटिव फैसलों के चलते काट दिया जाता है, लेकिन कुछ सीन को हटाने की कुछ ज्यादा ही कीमत चुकानी पड़ती है। लेकिन, क्या हो अगर उन हटाए गए सीन में से किसी एक को बनाने में बहुत ज्यादा खर्च आए? 2006 की सुपरहीरो फिल्म सुपरमैन रिटर्न्स के साथ भी ठीक यही हुआ था। छह मिनट के एक सीन को जिसे फाइनल कट से हटा दिया गया। बताया जाता है कि इस सीन को बनाने में 10 मिलियन डॉलर यानी लगभग 90 करोड़ रुपए का भारी-भरकम बजट लगा था। यह हॉलीवुड के इतिहास का सबसे महंगा डिलीटेड सीन बन गया। ब्रायन सिंगर की सुपरमैन रिटर्न्स 28 जून, 2006 को भारी प्रमोशन और हाई होप्स के साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। डीसी सुपरहीरो के तौर पर ब्रैंडन राउथ, लोइस लेन के रूप में केट बोसवर्थ और विलेन लेक्स लूथर के रूप में केविन स्पेसी के लीड रोल वाली इस फिल्म का बजट 270 मिलियन डॉलर था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं किया और 390 मिलियन डॉलर की कमाई की।



# 'दिल्ली क्राइम सीजन 3' में दमदार रोल में दिखीं

**मुंबई।** वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम' सीजन 3 रिलीज हो गई है। दर्शकों ने इसके दो सीजन काफी पसंद किए। अब इसका तीसरा सीजन आया है। इस सीरीज की कहानी बाकी दो सीरीज से अलग होगी। सीरीज में लीड रोल शेफाली शाह ने निभाया है। 'दिल्ली क्राइम' सीजन 3 में शेफाली शाह ने डीआईजी वर्तिका चतुर्वेदी का दमदार किरदार निभाया है। वह सीरीज में केस की जांच पड़ताल करती हुई नजर आती हैं। सीरीज में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ को बैलेंस किया है। सीरीज में हुमा कुरैशी ने बड़ी दीदी का किरदार निभाया है। यह एक नेगेटिव किरदार है। उनके किरदार ने 'दिल्ली क्राइम 3' की अहमियत बढ़ा दी है। रसिका दुग्गल ने शुरु से ही 'दिल्ली क्राइम' में अहम किरदार निभाया है। उन्होंने सीरीज में एसीपी नीति सिंह का किरदार निभाया है।



# दबंग टूर पर सलमान, कतर में शानदार स्वागत

**नई दिल्ली।** सलमान खान की फैन फॉलोइंग देश ही नहीं, विदेशों में भी अच्छी-खासी है। वह जहां जाते हैं, फैंस की भीड़ उन्हें देखने के लिए जमा हो जाती है। हाल ही में सलमान खान कतर पहुंचे। वह अपने दबंग टूर के लिए कतर गए हैं। कतर पहुंचने पर फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस स्वागत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। साथ ही भाईजान ने भी अपने फैंस को निराश नहीं किया, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके अलग अंदाज ने सबका दिल जीत लिया। वायरल वीडियो में सलमान खान जब फैंस के बीच पहुंचे तो उनका शानदार स्वागत हुआ। कई फैंस के साथ हाथ में भारत का झड़ा था। साथ ही कई लोगों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भी दिया। सलमान खान भी इस स्वागत से काफी खुश नजर आए। इस पूरे इवेंट में उनकी सुरक्षा में कोई चूक नहीं दिखी।

## टीवी मसाला



# कौन बनेगा करोड़पति में इन 4 कॉमेडियंस की मस्ती ने खूब हंसाया

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के फेमस शो 'कौन बनेगा करोड़पति'में कॉमेडी का तड़का लगाते हुए कमीडियन रवि गुप्ता, अनुभव सिंह बस्सी, अभिषेक उपमन्यु और हर्ष गुजराल को देखा गया। चारों की कॉमेडी से अमिताभ बच्चन खूब हंसने को मजबूर हो गए, लेकिन सबसे ज्यादा मजेदार उन्हें रवि गुप्ता के कॅरियर की संघर्ष भरी और कॉमेडी से भरपूर कहानी लगी, जिसे सुनते वक्त एक्टर हर वाक्य पर हंसते दिखे हैं। रवि गुप्ता कहते हैं, 'जब मैंने कॉमेडी कॅरियर की शुरुआत की थी, तो मेरे माता और पिता ने इसका विरोध किया था। पापा ने कहा कि लड़का नालायक है और मां कहती थी, 'सही कह रहे हो, रवि के पापा.' बहुत गालियां पड़ती थीं, तब मैंने माता-पिता को पैसे देने शुरू कर दिए, जिसके बाद उन्हें सबकुछ ठीक लगने लगा।' रवि बताते हैं कि उन्होंने माता-पिता से कहा कि अब कॉमेडी करना रिस्की हो गया है। माता-पिता ने कहा कि कोई नहीं, हेलमेट पहनकर करो, करो जरूर. ये सुनकर अमिताभ बच्चन खिलखिलाकर हंस पड़ते हैं। एक्टर को रवि की हर एक लाइन पर हंसते हुए देखा गया। इसके अलावा, खुद अमिताभ बच्चन ने चारों को टक्कर दी और सेट पर कॉमेडी करते हुए चूहे का किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि हमारे सेट के कमरे में एक बार चूहा आ गया और हमने उससे कहा कि बिना ऑडिशन के कैसे आ गए, तब चूहे ने जवाब दिया, 'सर, ऑडियंस पोल।'

## गौरव पहली बार बने कैप्टन, रो पड़े शहबाज

**मुंबई।** बिग बॉस ने घरवालों के लिए राशन के साथ-साथ कैप्टेंसी का टास्क रखा। इस टास्क में गौरव खन्ना घर के कैप्टन बन गए। वहीं, मौका नहीं मिलने की वजह से शहबाज बदेशा भावुक हो गए और रो पड़े। उन्होंने बिग बॉस अनफेयर गेम का आरोप लगाया।



'बिग बॉस 19' लेटेस्ट एपिसोड की शुरुआत अजनबी के गाने 'महबूबा महबूबा'से होती है। अमाल, तान्या की जर्नी पर तंज कसते हैं। वह कहते हैं कि तान्या ने दोस्त की पीठ पर खंजर घोंप दिया। अब क्या बचा है। कुनिका दोनों को एक-दूसरे से ऑब्सेस्ड बताती हैं। फिर अमाल और कुनिका, गौरव या शहबाज में कैप्टन बनाने की बात करते हैं। अमाल, शहबाज को सपोर्ट करने के बात कहते हैं। वहीं, फरहाना और गौरव की हल्की नोंक-झोंक होती है। अमाल ने भी सोशल मीडिया फॉलोवर्स चुना। फरहाना ने भी फॉलोवर्स चुना। तान्या ने भी फॉलोवर्स चुना। तान्या और फरहाना दोनों बहुत खुश होते हैं। इसके बाद गौरव ऐप रूम में जाते हैं। उन्हें अलग ऑप्शन मिलते हैं। बिग बॉस स्क्रीन पर उनकी और शहबाज की तस्वीर में किसी एक को चुनने को बोलते हैं। अगर गौरव अपनी तस्वीर चुनते हैं, तो घर का कमाया हुआ 30 पर्सेंट कट हो जाएगा।

# 24 फिल्मों में सुनाई दी एक जैसी सुरीली ट्यून

**नई दिल्ली।** फिल्मों का बैकग्राउंड स्कोर रोमांच को बढ़ा देता है। कई फिल्में अपने दमदार बैकग्राउंड स्कोर के लिए जानी जाती हैं। 50 साल पहले एक ऐसी ब्लॉकबस्टर फिल्म आई थी, जिसके टाइटल ट्रैक म्यूजिक ने धूम मचा दी थी। इस फिल्म के टाइटल ट्रैक का म्यूजिक आगे चलकर 23 फिल्मों में सुनाई दिया। कई फिल्मों में तो इसे ज्यों का त्यों ले लिया गया। 22 साल के दौरान संगीतकार बदले, लेकिन म्यूजिक नहीं बदला।

दीवार फिल्म की सफलता ने इसके म्यूजिक को पॉप्युलर बनाया। आगे चलकर उजाला ही उजाला, अतिथि, दीवार, कानून का शिकार, अनपढ़, चोर के घर चोर, भूख, मेहरबानी, हमारा संसार, कशिश, राख और चिंगारी, गंगा मेरी मां, नाम ओ निशां, बहुरानी, हीरालाल पन्नालाल, शायद, याराना, वक्त की दीवार, जान-ए-बहार, झूठी शान, दानवीर, लोरी, गोपाला इत्यादि फिल्म में दीवार फिल्म का टाइटल म्यूजिक जस का तस इस्तेमाल हुआ है।

### गंगा मेरी मां

1983 में आई शत्रुघ्न सिन्हा-नीतू सिंह की फिल्म 'गंगा मेरी मां' में भी यही म्यूजिक सुनाई देता है। गंगा मेरी मां ने आरडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। गंगा मेरी मां में स्क्रीन पर जैसे ही फिल्म का नाम आता है, दीवार फिल्म का टाइटल ट्रैक म्यूजिक सुनाई देता है।



### गोपाला

1994 में चंकी पांडे-शिल्पा शिरोडकर की फिल्म 'गोपाला' आई थी। इस फिल्म के डायरेक्टर आकाश जैन थे। इकबाल दुर्रानी फिल्म के राइटर थे। फिल्म का म्यूजिक अनु मलिक ने दिया था। फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म का टाइटल म्यूजिक दीवार फिल्म से लिया गया था। साफ है कि 1973 से 1994 के बीच 24 फिल्मों में एक जैसा टाइटल म्यूजिक ट्रैक इस्तेमाल किया गया। हिंदी सिनेमा में ऐसा दूसरा उदाहरण शायद ही हो।

### याराना

दीवार फिल्म में जहां से अमिताभ बच्चन-शशि कपूर का नाम स्क्रीन पर आना शुरू होता है, वहां पर बैकग्राउंड में जो म्यूजिक बजता है, वही म्यूजिक 1981 में आई याराना फिल्म में सुनाई देता है। यारान फिल्म का म्यूजिक राजेश रोशन ने दिया था, लेकिन फिल्म का ओपनिंग म्यूजिक उन्होंने दीवार फिल्म से ही उठाया था। याराना फिल्म में स्क्रीन पर जहां से तनूजा, अरुणा ईरानी, जीवन, कादर खान का नाम दिखाई देता है, वहां पर दीवार का म्यूजिक सुनाई देता है।

# किस किसको प्यार करूं का पहला गाना फुर्र रिलीज

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा जल्द ही फिल्म 'किस किस को प्यार करूं 2' में नजर आने वाले हैं। निर्माताओं ने फिल्म का प्रचार पहले गाने 'फुर्र' की रिलीज के साथ शुरू कर दिया है। फिल्म के पहले गाने 'फुर्र' को यो यो हनी सिंह ने गाया है। कपिल शर्मा 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' के सीक्वल 'किस किस को प्यार करूं 2' के साथ बड़े पर्दे पर कमबैक करने जा रहे हैं। आज फिल्म का पहला गाना 'फुर्र' रिलीज हो चुका है। जिसमें कपिल के साथ यो यो हनी सिंह का स्वैग नजर आया। कपिल शर्मा ने भी अपनी आगामी फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' का पहला गाना 'फुर्र' इंस्टाग्राम पर शेयर किया।



### 12 दिसंबर को हो रही रिलीज

इस वीडियो के साथ कपिल ने कैप्शन में लिखा, 'नाचने, झूमने और फुर्र होने के लिए तैयार हो जाइए। किस किसको प्यार करूं 2, 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। कपिल की इस पोस्ट पर रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा कपूर साहनी ने क्लैप इमोजी बनाए हैं। इस फिल्म की एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने लिखा, 'चलो अब हुक स्टेप करो इंडिया।' वहीं, कपिल के फैंस उनके इस वीडियो पर फायर और दिल वाले इमोजी बना रहे हैं। कपिल के अलावा इस फिल्म में हीरा वारिना, त्रिधा चौधरी, पारुल गुलाटी और आयशा खान मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## कान फिल्म अवॉर्ड जीतने वाली पहली इंडियन एक्ट्रेस

# दिलीप कुमार संग अधूरी रह गई कामिनी कौशल की मोहब्बत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर की दिग्गज अभिनेत्री कामिनी कौशल 98 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह गईं। कामिनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। कामिनी कौशल ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई थी। बतौर हीरोइन काम करने के बाद, उन्होंने कई फिल्मों में मां के भी यादगार किरदार निभाए थे।

### 3 दशक तक सबसे महंगी एक्ट्रेस रहीं

कामिनी कौशल 1940 के दशक और उसके बाद 60 के दशक तक, बॉलीवुड की सबसे महंगी एक्ट्रेस रही हैं। साल 1956 में उन्हें 'बिराज बहू' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। जबकि 2015 में फिल्मफेयर ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। साल 2020 में आई शाहिद कपूर की 'कबीर सिंह' के लिए कामिनी कौशल को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का फिल्मफेयर नॉमिनेशन भी मिला था।

### शाहरुख और आमिर के साथ किया काम

हालांककि नब्बे के दशक और उसके बाद वह बहुत ज्यादा एक्टिव नहीं रहीं। फिर भी हाल के कुछ वर्षों में वह लागा चुनरी में दाग, चेन्नई एक्सप्रेस, कबीर सिंह और लाल सिंह चड्ढा में नजर आई थीं।



### राजेश संग 3, संजीव संग 2, मनोज संग 8 फिल्में

*उन्होंने राजेश खन्ना की तीन फिल्मों, दो रास्ते (1969), प्रेम नगर (1974), महा चोर (1976) में काम किया। जबकि संजीव कुमार के साथ अनहोनी (1973) और मनोज कुमार के साथ आठ फिल्मों शहीद, उपकार (1967), पूरब और पश्चिम (1970), शोर (1972), रोटी कपड़ा और मकान (1974), संन्यासी (1975), दस नंबरी (1976) और संतोष (1989) में दिखाई दीं।*

### दिलीप कुमार संग रिश्ता

शहीद, नदिया के पार, शबनम और अर्जू जैसी फिल्मों में कामिनी और दिलीप साहब की जोड़ी को दर्शकों ने हमेशा पसंद किया। शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार उनसे बेहद प्रभावित हुए और दोनों एक-दूसरे के करीब आए। लेकिन, किस्मत ने उन्हें साथ नहीं आने दिया। कामिनी पहले ही अपनी दिवंगत बहन के पति से शादी कर चुकी थीं ताकि अपनी बहन के बच्चे की परवरिश हो सके। ऐसे में अपने घर-परिवार को छोड़ना उनके लिए संभव नहीं था। रिश्ते के खिलाफ उनके भाई का सख्त रुख भी बड़ा कारण बना। कहा जाता है कि कामिनी के भाई ने दिलीप साहब से साफ कह दिया था कि यह रिश्ता आगे नहीं बढ़ सकता। यह मोहब्बत अधूरी ही रह गई, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान कभी कम नहीं हुआ।

### 'नीचा नगर' से बॉलीवुड में कदम रखा

*कामिनी कौशल का जन्म 24 फरवरी, 1927 को ब्रिटिश भारत के लाहौर में हुआ था। वह दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी थीं। उनके पिता लाहौर स्थित पंजाब विश्वविद्यालय में बॉटनी के प्रोफेसर थे। वह प्रोफेसर शिव राम कश्यप की पुत्री थीं, जिनहें भारतीय वनस्पति विज्ञान का जनक माना जाता है। कामिनी कौशल ने साल 1946 में फिल्म 'नीचा नगर' से बॉलीवुड में कदम रखा था। यह पहली भारतीय फिल्म बनी, जिसने कान फिल्म समारोह में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता और पाल्मे डी'ओर पुरस्कार जीतने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म बनी रही।*

### उनकी चर्चित फिल्में

*कामिनी कौशल की सबसे चर्चित फिल्मों की बात करें तो दो भाई (1947), शहीद (1948), नदिया के पार (1948), जिद्दी (1948), शबनम (1949), पारस (1949), नमूना (1949), आरजू (1950), झांझर (1953), आबरू (1956), बड़े सरकार (1957), जेलर (1958), नाइट क्लब (1958) और गोदान (1963) उनके कॅरियर की सबसे बेहतरीन फिल्में मानी जाती हैं। साल 1965 में आई शहीद में उनके किरदार की खूब तारीफ हुई।*